राजकीय प्रयोगार्थ

जिला आपदा प्रबन्ध योजना

जनपद – बागपत

वर्ष 2016–17

(डी0पी0 सिंह)
अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0)
बागपत

(हृदय शंकर तिवारी)
जिलाधिकारी
बागपत

विषयानुक्रमाणिका

क0 सं0	विषय	पृष्ठ
01	बैंचजमत 1. प्दजतवकनबजपवद–ः अध्याय –प्रस्तावना	01–02
02	बैंचजमत. 2. भ्रंतक टनसदमतंइपसपजलए ब्ंचंबपजल ंदक त्पेा ।मेेउमदज अध्याय –खतरा जोखिम, क्षमता एवं जोखिम–	03–31
03	बैंचजमत.3. प्देजपजनजपवदंस ।ततंदहमउमदजे वित क्ड अध्यायः– 3–जिलाधिकारी के लिए संस्थागत व्यवस्था	32–34
04	बैंचजमत–4– च्तमअमदजपवद ंदक डपजपहंजपवद उमेंनतमे अध्याय ः–4 –रोकथाम एवं शमन उपायों	35–58
05	बैंचजमत.5 .च्तमचंतमकदमे डमेंनतमे अध्यायः– 5 –तैयारियों के उपाय	59–67
06	ब्भ्।च्ज्म्त् .6 ब्ंचंबपजल ठनपसकपदह ंदक ज्तंपदपदह डमेंनतमे अध्याय–6ः– क्षमता निर्माण एवं प्रशिक्षण के उपाय	68–68
07	ब्भ्।च्ज्म्त्–7ः–त्मेचवदेम ंदक त्मसपमि उमेंनतमे– अध्याय–7 आपदा प्रतिक्रिया	69–69
08	ब्भ्।च्ज्म्त्–8 त्मबवदेजतनबजपवद एत्मींइपसपजंजपवद ंदक त्मबवअमतल डमेंनतमे अध्याय–8 पुननिर्माण, पुर्नवास ओर रिकवरी के उपाय	70–70
09	बैंचजमत.9 थ्पदंदबपंस त्मेवनतबमे वित पउचसमउमदजंजपवद व िक्क्डच अध्याय–9 –जिला आपदा प्रबन्ध प्राधिकरण के क्रियान्वयन के लिए वित्तीय संसाधन	71–71
10	बैंचजमत.10 च्तवबमकनतम ंदक उमजीवकवसवहल वित उवदपजवतपदह मअमसनंजपवदएनचकंजपवद ंदक उंपदजमदंदबम व िक्क्डच अध्याय.10ः–प्रक्रिया और निगरानी पद्धति, मूल्यांकन, अपडेशन और क्क्डच के रख–रखाव	72–73
11	बैंचजमत .11 ब्ववतकपदंजपवद डमबींदपेउ वित पउचसमउमदजंजपवद व िक्क्डच अध्याय.11ः–क्क्डच कार्यान्वियन के लिए समन्वय तंत्र	74–76
12	बैंचजमत 12ैजंदकमतक व्चमतंजपदह च्तवबमकनतमे ̧वच्े ंदक बीमबासपेज अध्याय.12ः–मानक संचालन प्रक्रिया और जॉच सूची	77–84
13	।ददमगनतमरू. जनपद में आपदा का इतिहास	85–88
14	जनपद के समस्त विभागो के अधिकारियों की दूरभाष नम्बर	89–94
15	स्पेज व िच्ब्ब् कमजंपस वित क्पेंजमत डंदंहमउमदज ं	95–101
16	डंचे	102–106

जिला आपदा प्रबन्धन योजना

अध्याय–1

बिंचजमत 1. प्दजतवकनबजपवद–: प्रस्तावनाः–

सामान्य तौर पर आपदा का तात्पर्य किसी ऐसी दुर्घटना से लगाया जाता है जिसका सामना करने के लिए कोई व्यक्ति या समूह अपने आप में तैयार एवं समर्थ न हो। राष्ट्रीय आपदा प्रबन्धन अधिनियम –2005 में आपदा को दैवी,मानवजनित,दुर्घटना अथवा लापरवाही से हुई किसी ऐसी बड़ी दुर्घटना के रूप में परिभाषित किया गया है। जिसमें व्यापक जन –धन की हानि, पर्यावरण की क्षति कारित हों तथा प्रभावित क्षेत्र के लोग उसका सामना करने में असमर्थ हों । परम्परागत रूप से दैवी आपदा जैसे बाढ़, सूखा, अग्निकाण्ड,आकाशीय बिजली, ओलावृष्टि आदि के उपरान्त पीड़ितो को राहत सहायता उपलब्ध कराना राज्यों का मुख्य कार्य होता रहा है। नई परिस्थितियों में अनेक मानवजनित दुर्घटनाएं इस प्रकार की हो सकती है जिनका असर दैवी आपदाओं के बराबर या उससे अधिक हो। इसी कारण आपदा की वर्तमान अवधारणा में दैवी आपदाओं के साथ ही मानव जनित कारको को भी शामिल किया गया है तथा आपदा प्रबन्धन में पूर्व तैयारी एवं पुनर्वास का राष्ट्रीय नेटवर्क, राहत वितरण के साथ ही शामिल किया गया है। वर्तमान में आपदा प्रबन्धन का उद्देश्य इस तरह की घटनाओं को यथा सम्भव रोकना, आपदा के प्रभाव को कम करना, आपदा के दौराना सीधे मदद पहुॅचाना, प्रभावितो को आपदा से उबारने में मदद एवं उनका पुनर्वास करना है।

राष्ट्रीय आपदा प्रबन्धन अधि0–2005 के अन्तर्गत राष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्रीय आपदा प्रबन्ध प्राधिकरण का गठन किया गया है। राज्य स्तर पर राज्य आपदा प्रबन्ध प्राधिकरण का गठन किया गया है। जिला आपदा प्रबन्ध प्राधिकरण गठन का उद्देश्य राष्ट्रीय/राज्य स्तर से बनायी गयी नीतियों का अनुपालन एवं अनुश्रवण, जिला स्तर पर विभिन्न विभागों एवं स्वयंसेवी संस्थाओं, पंचायतीराज संस्थाओं में बेहतर ताल मेल स्थापित कर आपदा की पूर्व तैयारी, आपदा की दशा में त्वरित कार्यवाही तथा राहत एवं पुनर्वास कार्यो का बेहतर संचालन करना है।

जिला आपदा प्रबन्ध प्राधिकरण के अध्यक्ष पदेन जिलाधिकारी सहित कुल 07 सदस्य हैः–

जिलाधिकारी बागपत	जिला पंचायत अध्यक्ष	पुलिस अधीक्षक	अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0)	मुख्य चिकित्सा अधिकारी	अधिशासी अभियन्ता लो0नि0 वि0 खण्ड	अधिशासी अभियन्ता बाढ़ खण्ड
पदेन अध्यक्ष	पदेन सह अध्यक्ष	पदेन सदस्य	पदेन सदस्य/ सचिव	पदेन सदस्य	पदेन सदस्य	पदेन सदस्य

जनपद बागपत में परम्परागत रूप से बाढ़, सूखा की अलग–अलग प्रबन्ध योजना बनती रही है जिला आपदा प्रबन्ध प्राधिकरण के गठन के बाद उसकी देख रेख में एकीकृत प्रबन्ध योजना बनायी जा रही है।

बागपत की आपदा प्रबन्धन को चार भागो में बॉटा गया है। सुविधा के लिये प्रत्येक भाग में कुछ अध्याय बनाये गये है। प्रथम भाग में ऐसे विषयो को रखा गया है जो विभिन्न आपदाओ की तैयारी एवं जोखिम न्यूनीकरण की योजना बनाने तथा उन्हे लागू करने,क्षमता विकास आदि से सम्बन्धित है । तृतीय भाग में योजनाओ के क्रियान्वयन का फीड बैक,रिर्पोटिंग व्यवस्था आदि विषय है। चतुर्थ भाग में महत्वपूर्ण शासनादेश, महत्वपूर्ण टेलीफोन नम्बर जिले का नक्शा आदि है।

बागपत जिला यमुना नदी के बायें किनारे पर राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली से लगभग 35 किमी. की दूरी पर स्थित है। यमुना, हिण्डन, कृष्णा तीन मुख्य नदियॉ है। जनपद में कुल 315 राजस्व ग्राम 03 तहसील 06 विकास खण्ड 10 थाने 06 नगर पालिका तथा 02 नगर पंचायत 06 डाकबंगले 10 डाकघर एवं 02 मुख्य डाकघर है। चिकित्सा की दृष्टि से जनपद स्तर पर 5 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र व 23 प्राथमिक चिकित्सा केन्द्र है।

जीविकोपार्जन का मुख्य साधन कृषि है। रबी की मुख्य फसल गेंहू तथा खरीफ की मुख्य फसल धान है। जिला राजनैतिक दृष्टि से संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण है। 01 लोकसभा तथा 03 विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र है।

2011 में सम्पन्न जनगणना के अनन्तिम आकंडे जनपद की स्थिति को और स्पष्ट करते है।

जनगणना

	कुल	पुरूष	स्त्री	लिंगानुपात
ग्रामीण	1028023	553807	474216	
नगरीय	275025	146263	128762	
योगः	1303048	700070	602978	

साक्षरता

	कुल	पुरूष	स्त्री	साक्षरता दर
ग्रामीण	626257	388481	237776	
नगरीय	171713	101377	70336	
योगः	797970	489858	308112	72.01

बैंचजमत. 2.   श्रंतक टनसदमतंइपसपजलए ब्वंबपजल ंदक त्पो ोमेउमदज

खतरा जोखिम, क्षमता एवं जोखिम–

जनपद बागपत में बाढ,सूखा,अग्निकाण्ड, ऑधी तूफान, ओलावृष्टि शीत लहरी जैसी परम्परागत दैवी आपदाये आती रही है।

बागपत जिला यमुना नदी के बायें किनारे पर राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली से लगभग 35 किमी. की दूरी पर स्थित है। बागपत की अधिकांश आबादी यमुना नदी के बायें किनारे एवं दिल्ली सहारनपुर राष्ट्रीय राजमार्ग के बीच बसी हुई है। जनपद बागपत में वर्षवार आपदाएं हुई है जिनका विवरण निम्न हैः–

अनावृष्टि के कारण वर्ष 2004 व 2005 में जनपद सूखाग्रस्त घोषित हुआ एवं अवर्षण के कारण वर्ष 2014 एवं 2015 में जनपद सूखाग्रस्त घोषित किया गया। सूखे के कारण अब तक ऐसी स्थिति नही आयी है , जिसमें किसी गॉव की आबादी या पशुओ को दूसरे स्थान पर ले जाना पड़ा हो अथवा टैंकर से जलापूर्ति करनी पडी हो। भुखमरी की स्थिति भी अब तक पैदा नही हुयी है।

अग्निकाण्ड का जनपद बागपत का कोई इतिहास मानव जनित आपदाओं के सन्दर्भ में नही रहा है। वर्तमान कार्ययोजना में इसे शामिल किया गया है, क्योकि किसी आपात स्थिति से निपटने हेतु संसाधनो की पहचान एवं मानसिक तैयारी , खतरे की जानकारी एवं बचाव के उपायो की जानकारी से इस प्रकार के खतरो से कुशलता पूर्वक निपटा जा सकता है।

ओलावृष्टि एवं शीतलहरी से यदा कदा धन एवं जन की हानि होती रही है। ऑधी तूफान से भी जन धन की हानि हुई है किन्तु ओलावृष्टि,शीतलहरी, ऑधी तूफान से किसी बडी घटना का इतिहास इस जनपद का नही है।

भूकम्प एवं साईक्लोन का जनपद बागपत का कोई इतिहास मानव जनित आपदाओं के सन्दर्भ में नही रहा है। वर्तमान कार्ययोजना में इसे शामिल किया गया है, क्योकि किसी आपात स्थिति से निपटने हेतु संसाधनो की पहचान एवं मानसिक तैयारी , खतरे की जानकारी एवं बचाव के उपायो की जानकारी से इस प्रकार के खतरो से कुशलता पूर्वक निपटा जा सकता है।

वर्ष 2010–11 में अतिवृष्टि एवं बाढ़ के कारण 05 जन हानि तथा 01 पशुहानि 816 कृषकों की फसलों को क्षति एवं 205 कृषको की भूमि का कटान तथा 466 मकानो को क्षति हुई प्रभावित व्यक्तियों को दैवी आपदा मद से अंकन 27,45,093 की धनराशि वितरण की गयी। बाढ़ के कारण 07 सडक क्षति ग्रस्त हुई थी जिनकी मरम्मत हेतु अंकन 1,54,99,642 रू0 की धनराशि खर्च की गयी।

वर्ष 2011–12 मे अतिवृष्टि के कारण 02 जनहानि एवं 34 मकानो को क्षति हुई प्रभावित व्यक्तियों को दैवी आपदा मद से अंकन 2,63,500 रू0 की धनराशि वितरित की गयी।

वर्ष 2012–13 में कोई बड़ी आपदा नही हुई।

वर्ष 2013–14 मे अतिवृष्टि एवं आकाशीय विद्युत के कारण 04 जनहानि 02 पशुहानि 05 मकानों को क्षति हुई प्रभावित व्यक्तियों को अंकन 6,74,200 की धनराशि वितरित की गयी।

वर्ष 2014–15 में अतिवृष्टि के कारण 02 जनहानि 01 पशुहानि, अग्निकाण्ड से 21 व्यक्ति घायल हुए तथा 22 मकान क्षतिग्रस्त हुए प्रभावित व्यक्तियों को 7,50,550 रू0 की धनराशि वितरित की गयी।

वर्ष 2015–16 में अतिवृष्टि के कारण 02 जनहानि 02 पशुहानि तथा 95 मकानो को क्षति हुई प्रभावित व्यक्तियों को 15,68,800 की धनराशि वितरित की गयी।

इसके अतिरिक्त माह फरवरी,मार्च एवं अप्रैल, 2015 में जनपद में चक्रवाती तुफान के फलस्वरूप ओलावृष्टि एवं अतिवृष्टि के कारण 18096 किसानों की फसलों को क्षति हुई है। प्रभावित व्यक्तियों को 4,89,76,000 रू0 की धनराशि वितरित की गयी।

इसके अतिरिक्त माह फरवरी,मार्च एवं अप्रैल, 2015 में जनपद में चक्रवाती तुफान के फलस्वरूप ओलावृष्टि एवं अतिवृष्टि के कारण 18096 किसानों की फसलों को क्षति हुई है।

बाढ चौकियॉः–

बाढ चौकियो की सार्वजनिक जानकारी उप जिलाधिकारियों, खण्ड विकास अधिकारियों व जिला सूचना अधिकारी के माध्यम से कराई जायगी। बाढ चौकियॉ निम्नवत् है–

तहसील बडौत

क्र0 सं0	बाढ चौकी मुख्यालय	नदी का नाम	राहत स्थल	बाढ चौकी से सम्बन्धित ग्राम
1	**2**	**3**	**4**	**5**
1	थाना बिनौली	हिन्डन नदी	प्रा0 पाठशाला फखरपुर शेखपुरा	फखरपुर शेखपुरा,मवीकला, गल्हैता जैनुदीन पुर चिरचिटा, दादरी
2	पुलिस चौकी बामनौली	हिन्डन नदी	इण्टर कालेज बामनौली	बामनौली ,रन्छाड, मौ0बाद नांगल हिम्मतपुर , सुजती ,इदरीशपुर , गांगनौली
3	थाना छपरौली	यमुना नदी	इण्टर कालेज छपरौली	छपरौली , टाण्डा , नांगल ,कुर्डी ,बदरखा ककौर
4	प्रा0पा0 जागोस	यमुना नदी	प्रा0 पा0 जागोस	शबगा , जागोस , अकबर पुर ठसका , खेडी प्रधान
5	पुलिस चौकी बरनावा	हिन्डन नदी	प्रा0 पा0 व विधालय बरनावा	बरनावा , खपराना , मिलाना ,झुण्डपुर, सरोरा , तमेलागढी , शाहपुर बाढगंगा ,रहतना
6	पंचायत चौपाल कोताना	यमुना नदी	पंचायती चौपाल कोताना	कोताना

तहसील खेकडा

क0सं0	बाढ चौकी मुख्यालय	नदी का नाम	राहत स्थल	बाढ चौकी से सम्बन्धित ग्राम
1	2	3	4	5
01	पुलिस चौकी पाठशाला खेकडा	यमुना नदी	तहसील मुख्यालय खेकडा	काठा ,नंगला बहलोलपुर,मवीकला,साकरौद सुभानपुर,नूरपुर खालसा, अब्दुलपुर
02	पुलिस चौकी रटौल	हिण्डन नदी	सेन्टमैरी इण्टर कालेज रटौल	ललियाना,शहवानपुर,गौना,शरफाबाद,फुलैरा पूरनपुर नवादा,गढी कलंजरी

तहसील बागपत

क0सं0	बाढ चौकी मुख्यालय	नदी का नाम	राहत स्थल	बाढ चौकी से सम्बन्धित ग्राम
1	2	3	4	5
01	तहसील –बागपत	यमुना नदी	यमुना इण्टर कालिज बागपत	1–बागपत 2–पाली 3–सिसाना 4– निवाडा 5–गौरीपुर जवाहरनगर 6– नैथला 7– फैजुल्लापुर 8– फैजपुर निनाना 9– खेडा इस्लामपुर 10– राजपुर खामपुर 11–सु0पु0 हटाना
02	थाना बालैनी	हिण्डन नदी	श्रीकृष्ण इण्टर कालिज अमीपुर बालैनी	1– अमीपुर बालैनी 2–पुरा 3– हरियाखेडा 4–बाखरपुर बालैनी 5–मवीखुर्द
03	थाना चॉदीनगर	हिण्डन नदी	हाईस्कूल चमरावल	1–चमरावल 2–हरसिया 3–मुकारी 4–घाटौली

बाढ चेतावनी

जनपद बागपत में यमुना नदी के खतरे का बिन्दु 209.00 मीटर तथा यमुना नदी का खतरे का बिन्दु 210.50 मीटर है। इन दोनों नदियों में बाढ़ आने की सूचना बाढ़ नियन्त्रण कक्ष (सिचांई विभाग) डौला द्वारा उपलब्ध करायी जायेगी। उक्त विभाग एवं लोक निर्माण विभाग द्वारा सभी सम्बन्धित अधिकारियों को प्रातः नौ बजे एवं सायंकाल चार बजे जल स्तर की सूचना उपलब्ध कराई जायेगी तथा जैसे ही जल स्तर 209.00 मीटर तक पहुचेगा तो उक्त विभागों द्वारा प्रतिदिन दो–दो घण्टे के अन्तराल में सभी सम्बन्धित अधिकारियों एव जिलाधिकारी को नियमित रूप से जल स्तर की सूचना दी जायेगी। जिला मुख्यालय पर कार्यरत कन्टोल रूम का फोन नम्बर 0121–2220520 है। मुख्यालय के अतिरिक्त जनपद की तहसीलों में भी एक–एक उप बाढ़ नियन्त्रण कक्ष स्थापित किया जायेगा। बाढ़ नियन्त्रण कक्ष के माध्यम से बाढ़ की चेतावनी जारी करना निर्देशों एवं आदेशो का प्रेषण एवं सूचनाओं के संकलन का कार्य सम्पादित किया जायेगा। नदियों के जल स्तर चेतावनी बिन्दु पर पहुंचने की सूचना प्राप्त होते ही तहसीलदार लेखपालों के माध्यम से सम्बन्धित चौकियों/ग्रामों को सूचना भेजेंगे। जनपद बागपत नगर निवासियों को बाढ़ आने की सूचना लाऊड स्पीकर द्वारा प्रसारित कराकर दी जायेगी। इस कार्य हेतु तहसीलदार पहले ही लाऊड स्पीकर की उपलब्धता सुनिश्चित कर लेंगे। बाढ़ के समबन्ध में सूचना प्राप्त होते ही सम्बन्धित उप जिलाधिकारी/ तहसीलदार का आर0टी0 सेट एवं विशेष वाहक द्वारा सूचित किया जायेगा। जनपद के सभी थानों में आर0टी0 सेट उपलब्ध है, जिनका उपयोग बाढ़ सम्बन्धी सूचनाओं के प्रेषण हेतु किया जायेगा। इस प्रकार उपजिलाधिकारी/तहसीलदार अन्य ड्यिूटी पर तैनात कर्मचारियों को भी आर0टी0 सेट के माध्यम से मुख्यालय के बाढ़ सम्बन्धी सूचनाये भेज सकेंगे। पुलिस अधीक्षक से यह अपेक्षा की गई है कि वे सभी थानाध्यक्षों को आर0टी0 सेट के माध्यम से मुख्यालय को बाढ़ सम्बन्धी सूचनायें भिजवाने हेतु समुचित निर्देश जारी कर देगें। आलोच्य वर्ष में जिला आपातकालीन सहायता परामर्शदात्री की बैठक के माध्यम से यह निर्णय लिया गया कि जलमग्न क्षेत्रों में वर्षा के पानी को निकालने हेतु पम्पिंग सेटों की व्यवस्था अधिशासी अभियन्ता जल निगम/अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद बागपत द्वारा की जायेगी। इसके अतिरिक्त अस्थाई रूप से बाढ़ के समय आर0टी0 सेट भी स्थापित किये जायेगे। उक्त पम्पिंग सेटों का बाढ़ से पूर्व ट्रायल करा लें। प्रभारी अधिकारी दैवी आपदा को निर्देशित किया गया कि ज्यों ही अन्य जिलाधिकारियो अथवा अन्य अधिकृत श्रोतों से हथनी कुण्ड बैराज का पानी छोड़े जाने की सूचना प्राप्त हो तथा जल स्तर बढ़ने की. सम्भावना हो तो राहत कार्य हेतु समस्त उपजिलाधिकारियों/ तहसीलदारों के साथ ही साथ अन्य सभी सम्बन्धित अधिकारियों को सूचित कराया जाना सुनिश्चित करें। ऐसा ना हो कि समय से चेतावनी प्राप्त न होने की दिशा में लोग अकस्मात बाढ़ की चपेट में आ जाये।

अतः चेतावनी के कार्य को अधिक महत्व दिया जाये। उप जिलाधिकारी/तहसीलदार यह सुनिश्चित करेंगे कि कितने जल स्तर पर कौन–कौन गांव प्रभावित होते है। उनमें से ऐसे ग्रामों के निवासियों को समय से सचेत करना आवश्यक होगा ताकि आवश्यकता न पड़ने पर उन्हें खाली कराकर के निवासियों का वैकल्पिक शरण स्थलों मे पहुंचाया जा सके। इस कार्य हेतु अस्थाई शरण स्थलो का चयन पहले से ही कर लिया गया है। वहा पर बाढ़ पीड़ितों के ठहरने पर समुचित आवास भोजन एवं अन्य आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु समुचित व्यवस्था की जाये गी। उचित होगा कि बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों को तीन भागों में विभाजित कर दिया जाये–

1– निम्न बाढ़ स्तर से प्रभावित ग्राम एवं तद्विषयक व्यवस्था।
2– मध्य बाढ़ स्तर से प्रभावित ग्राम एवं तद्विषयक व्यवस्था।
3– उच्च बाढ़ स्तर से प्रभावित ग्राम एवं तद्विषयक व्यवस्था।
यमुना नदियों में जल स्तर बढ़ने पर बाढ़ की पूर्ण चेतावनी दिये जाने हेतु वर्षा के दौरान तत्काल प्रभाव 30 सितम्बर तक के लिये लोक निर्माण विभाग का यह दायित्व होगा कि वे उक्त अवधि में यमुना नदी के पुल स्थल पर कर्मचारियों की तैनाती करेगे जो प्रतिदिन प्रातः 8 बजे से जल स्तर की सूचना तब तक देते रहेंगे जब तक कि जल स्तर 100 मीटर से नीचे न हो जाये। जैसे ही उक्त नदियों का जल स्तर 209.00 मीटर से 211.10 मीटर पहुंचना प्रारम्भ हो तो प्रतिदिन 8:00 बजे प्रातः एवं सायं 6:00 बजे जल स्तर की सूचना सभी सम्बन्धित अधिकारियो ं को पहुंचना सुनिचत करें। उक्त सूचना की एक प्रति बाढ़ नियन्त्रण कक्ष के साथ तहसील बागपत के उप बाढ़ नियन्त्रण को भी दी जायेंगी। सूचना प्राप्त होते ही सम्बन्धित अधिकारी बाढ़ सुरक्षा योजना के अनुसार त्वरित कार्यवाही प्रारम्भ कर देंगे। अधिशासी अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, प्रान्तीय खण्ड बागपत इस कार्य को सम्यक रूपेण नियत समय पर सुनिश्चित करायेगें।
जिला मुख्यालय से तहसीलों की दूरीः–
1. तहसील बागपत जिला बागपत के मध्य में स्थित है।
2. तहसील बडौत मुख्यालय से 15 किमी0 दूर है।
3. तहसील खेकडा मुख्यालय से 14 किमी0 दूर है।

जिला परार्मशदात्री आपातकालीन सहायता समिति का चयन

बाढ़ के समय सूचनाओं के आदान प्रदान हेतु पुलिस अधीक्षक बागपत से आवश्यकता अनुसार अस्थाई आर0टी0 सेटों की व्यवस्था हेतु अनुरोध कर व्यवस्था कराई जा सकेंगी।
जिला परमर्शदात्री का समिति का गठन शासनादेश सं0–641/411/2/82.दिनांक–28.02.1983 मे ं प्रदत्त निर्दशो के अनुसार कर लिया गया है तथा समिति के अध्यक्ष सांसद/विधायक वर्णमाला के क्रमानुसार होंगे। बाढ़ के सम्बन्ध में प्रभारी अधिकारी समय–समय पर समिति की बैठक बुलायेंगे।

बाढ़ के अनुश्रवण हेतु स्टीयरिंग ग्रुप का गठनः–

बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में भी बाढ़ की स्थिति को निरन्तर अनुश्रवण हेतु शासन के निर्देशानुसार निम्नवत स्टियरिंग ग्रुप का गठन किया गया है। यदि इस ग्रुप में नामित अधिकारी किसी कारणवश बैठक में भाग नहीं ले सकते हैं तो उनकी अनुपस्थिति में कोई अधिकारी उत्तरदायी होगा। विभाग द्वारा प्रभारी अधिकारी दैवी आपदा/अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0)–बागपत को सूचित किया जायेगा। ग्रुप का गठन निम्न प्रकार किया गया हैः–
01– जिलाधिकारी अध्यक्ष

02– अधिशाषी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, बागपत सचिव
03– पुलिस अधीक्षक, बागपत सदस्य।
04– अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) बागपत सदस्य।
05– मुख्य विकास अधिकारी, बागपत सदस्य।
06– जिला कृषि अधिकारी, बागपत सदस्य।
07– जिला पूर्ति अधिकारी, बागपत सदस्य।
08– अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई बागपत सदस्य।
09– अधिशासी अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, बागपत सदस्य।
10– अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, बागपत सदस्य।
11– अधिशासी अभियन्ता, जल निगम, बागपत सदस्य।
12– अधिशासी अभियन्ता, नलकूप, बागपत सदस्य।

जिला बाढ नियन्त्रण कक्ष

जिला बाढ़ नियन्त्रण कक्ष की स्थापना का उद्देश्य यह है कि बाढ़ के पूर्व बाढ़ के आगमन की सूचना जैसे ही उपलब्ध हो उसे शीघ्र उप बाढ़ नियन्त्रण कक्षों एवं बाढ़ चौकियों को पहुंचाया जा सके तथा बाढ़ आने की दशा में बाढ़ पीड़ित परिवार को त्वरित सहायता पहुंचाने के उद्देश्य से जिला बाढ़ नियन्त्रण कक्ष का तहसीलों में स्थित उप बाढ़ नियन्त्रण कक्षों से समन्वय बना रहे और समुचित राहत एवं सहायता कार्य समय से उपलब्ध कराया जा सकें। जिला बाढ़ नियन्त्रण कक्ष की स्थापना कलेक्टेंट भवन बागपत में की गयी है। जिसके प्रभारी अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) बागपत प्रभारी अधिकारी (बाढ़) रहेंगें। नियन्त्रण कक्ष में ऐसी व्यवस्था की जायेगी कि डिप्टी कलेक्टर स्तर अथवा जिला स्तरीय अधिकारी चार–चार घन्टें उपलब्ध रहेंगे। समस्त जिला स्तरीय जिला बाढ़ नियन्त्रण कक्ष में चौबीसों घण्टों की ड्यूटी के लिये अपने विभागों के कार्यरत तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों की सूची प्रभारी अधिकारी (सम्मिलित कार्यालय) कलेक्ट्रेट के पास भेजेंगे जो आवश्यकतानुसार उनकी बाढ़ नियन्त्रण कक्ष में चौबीसों घण्टे की ड्यूटी लगायेगें। उक्त अधिकारियों की सहायता के लिये कलेक्ट्रेट जिला स्तर के कार्यालयों के दो कर्मचारी एवं चपरासियों की व्यवस्था सुनिश्चित करेगें।इसी प्रकार की व्यवस्था उप बाढ़ नियन्त्रण कक्षों में भी की जायेगी। उक्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिये यह आवश्यक होगा कि बाढ़ नियन्त्रण कक्ष में उपलब्ध आंकड़ों एवं पत्रावलियों से भली भांति अवगत होंगे ताकि किसी भी अप्रत्याशित बाढ़ की सूचना प्राप्त होने पर तुरन्त समुचित एवं कारगर ढंग से कार्यवाही कर सकें।

उप बाढ़ नियन्त्रण कक्ष

जिला बाढ़ नियन्त्रण कक्ष के अनुसार प्रत्येक तहसील में एक उप बाढ़ नियन्त्रण कक्ष स्थापना की जायेगी। जिसके प्रभारी अधिकारी उप जिलाधिकारी स्वयं होंगे। उप बाढ़ नियन्त्रण कक्ष में चौबीसों घण्टों की ऐसी व्यवस्था की जायेगी कि नायब तहसीलदार स्तर का एक अधिकारी अवश्य उपलब्ध रहे उक्त केन्द्र में प्राप्त सूचनाओं एवं शिकायतो ं का एक रजिस्टर रखा जायेगा तथा उस पर कुल की गई कार्यवाही अंकित की जायेगी यह रजिस्टर अधिकारियों को सदैव उपलब्ध कराया जायेगा। उस बाढ़ नियन्त्रण कक्ष में यह सुनिश्चत सूचनायें सहायता चौकी में पहुंचायी जा सके। उप बाढ़ नियन्त्रण कक्ष का एक साईनबोर्ड उपयुक्त स्थान पर लगाया जायेगा।

बाढ़ चौकीः–

प्रत्येक तहसीलदार/प्रभारी नायब तहसीलदार/भूलेख निरीक्षक माह जून में बाढ़ चौकियों का निरीक्षण कर लेंगे और यदि किसी प्रकार की व्यवस्था आदि का संशोधन अपेक्षित हो तो तदानुसार उप जिलाधिकारी का अवगत करायेगें। बाढ़ चौकियों की स्थापना का उद्देश्य बाढ़ आने पर प्रभावित ग्रामों/नगरों के निवासियों पशुओं एवं उनके सामान को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाये जाने तथा राहत सामग्री वितरण हेतु है। जनसंख्या एवं यातायात की सुविधा के अनुसार बाढ़ प्रभावित ग्रामों को इन चौकियो ं से सम्बद्ध किया गया है। प्रत्येक बाढ़ चौकी के लिये सहायक विकास अधिकारी स्तर के अधिकारी को चौकी प्रभारी बनाया गया है। सम्बन्धित क्षेत्रीय लेखपाल एवं ग्राम विकास अधिकारी भी बाढ़ चौकी से सम्बन्धित साधन सहकारी समिति अथवा नियंत्रित मूल्य की दुकान में जीवनोपयोगी वस्तु पहले से सुरक्षित कर ली जायेगी। जिला पूर्ति अधिकारी अपने कर्मचारियों के माध्यम से इस हेतु व्यापक व्यवस्था सुनिश्चित करायेगें।

नांवों की उपलब्धताः–

बाढ़ के समय नदियों के पानी से घिरे प्रभावित परिवारों कों निकालने एवं सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के लिये नांवों की आवश्यकता होती है। नांवों की उपलब्धता का सर्वेक्षण कराकर उसे संकलित रूप से संलग्न तालिका में प्रदर्शित किया गया है। सम्बन्धित तहसीलदार नदियों के जल स्तर बढ़ने पर वहां और जितनी नांवों की आवश्यकता होगी उपजिलाधिकारी के परामर्श के बाद तैनाती करेंगे। प्रत्येक नांवों एवं मल्लाहों का मस्टररोल नियमानुसार तैयार करके बाढ़ चौकी इन्चार्ज द्वारा उपस्थित अंकित जायेगी। उपजिलाधिकारी नांवों का किराया एवं मल्लाहों की मजदूरी का भुगतान आवश्यक जांचोरान्त करायेंगे। इस सम्बन्ध में यह ध्यान रखा जाये कि जहां जितनी नांवों की अवश्यकता आवश्यक लगायी जायें। किन्तु किसी भी दशा में आवश्कता से अधिक नांवें प्रयोग में नही लायी जाये। नांवों की तैनाती करने पर उसका उल्लेख दैनिक बाढ़ सूचना रिपोर्ट में भी अंकित किया जायेगा। नांवों का अतिरिक्त आवश्यकता पड़ने पर जनपद में उपलब्धता न होने की दशा में नांवों गढमुक्तेश्वर जिला हापुड़ सें मगायी जायेगी। इसके लिये तहसीलदार सदर जिम्मेदार होंगे। गढमुक्तेश्वर जाकर वहां राजस्व विभाग के अधिकारियों से सम्पर्क कर अतिरिक्त नांवों की उपलब्धता सुनिश्चित करायेगें। यातायात हेतु ट्रको के किराये का भुगतान सम्बन्धित तहसीलदार तत्काल सुनिश्चित करेंगे। जहां पर नांव प्राप्त करन ेमें कठिनाई हो, अधिग्रहीत करने का संशोधित अधिनियम 1944 धारा 195 का प्रयोग करेंगे।

बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लिये आवागमन के मार्गों का रख–रखावः–

जिला मुख्यालय एवं तहसील में बाढ़ चौकियों में पहुंचने के लिये कच्चे व पक्के मार्गों का विशेष महत्व है क्योंकि इन्हीं मार्गों से बाढ़ चौकियों को आवश्यक राहत सहायता पहुंचाई जाती है। लोक निर्माण विभाग का यह पूर्ण दायित्व होगा कि वह बाढ़ के समय बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के आवागमन मार्गों एवं जनपद के मुख्य मार्गों की समुचित देखभाल एवं तत्काल मरम्मत की व्यवस्था सुनिश्चित रखेंगे।

भारी व हल्के वाहनों की उपलब्धताः–

बाढ़ के समय जनपद के समस्त राजकीय भारी एवं हल्के वाहनों का प्रयोग आवश्यकतानुसार प्राथमिकता के आधार पर किया जायेगा। इस कार्य हेतु जनपद के समस्त विभागाध्यक्षों से अनुरोध किया जाता है कि वे अपने वाहनों को उक्त कार्य हेतु पूर्ण रूप से तैयार रखेंगे। यदि किसी प्रकार की मरम्मत की आवश्यकता हो तो बाढ़ आने के पूर्व ही करा ली जाये ताकि आवश्यकता पड़ने पर वाहन तुरन्त उपलब्ध हो सके एवं उसे प्रयोग में लाया जा सके। विभागाध्यक्षों से यह अपेक्षा की गयी है कि वह यह भी सुनिश्चित करें कि वाहन के साथ उनके चालक भी रात दिन हर समय उपलब्ध रहे।

राहत सामग्री की अपूर्तिः–

साधारण आवश्यकता के लिये आवश्यक जीवनापयोगी सामग्री साधन सहकारी समिति की दुकानों/नियन्त्रित मूल्य की दुकानों में उपलब्ध रहेगी किन्तु बाढ़ की भीषण परिस्थितियों में सामग्री की आपूर्ति व्यवस्था निम्न प्रकार रहेगीः– भारतीय खाद्य निगम में चावल एवं गेहूं उपलब्ध है जिलापूर्ति अधिकारी यदि उप जिलाधिकारी की मांग होती है मार्केटिंग विभाग से सम्पर्क कर गेहू चावल भारतीय खाद्य निगम से उठवाने का प्रबंध करेंगे और वह उसे उपजिलाधिकारियों द्वारा निर्धारित आपूर्ति केन्द्रो पर पहुंचाने की व्यवस्था करेंगें। टंकों का भुगतान तहसीलदार तुरन्त करेंगे। ट्रको का भुगतान निर्वाचन कार्यालय में उपलब्ध अथवा मार्केटिंग विभाग द्वारा निर्धारित दरों पर किया जायेगा नायब तहसीलदारों के स्तर के अधिकारियों के द्वारा इस सामग्री को प्राप्त कर तद् विषयक प्रविष्टि स्टाक रजिस्टर मे की जायेगी और इस सामग्री को यथेष्ट साधनों द्वारा प्रभावित ग्रामों/बाढ़ चौकियां तक पहुंचाने की व्यवस्था की जायेगी। प्रत्येक बाढ़ चौकी में भी एक स्टाक रजिस्टर होगा जिसमें सामग्री की प्राप्ति का विवरण अंकित किया जायेगा। न्यूनतम 300 कुन्टल चने का स्टाक मार्केटिंग विभाग द्वारा विभिन्न बाजारों में आरक्षित करा लिया जायेगा ओर आवश्यकतानुसार उचित मूल्य पर तहसीलदारों को उपलब्ध कराया जायेगा। विशेष परिस्थितियों में स्थानीय बाजार से चना एवं माचिस खरीदी जा सकती है। किन्तु गेहूं व चावल केवल भारतीय खाद्य निगम से ही लिया जायेगा। जिला पूर्ति अधिकारी अपने समस्त पूर्ति निरीक्षक लिपिकों से यह कार्य इस प्रकार करायेंगे कि उप जिलाधिकारी को उनकी मांग की पूर्ति उसी दिन हो जाये। बाढ़ के समय मिट्टी के तेल की आवश्यकता की पूर्ति न्यूनतम 50000 लीटर मिट्टी का तेल सुरक्षित किया जायेगा जिला पूर्ति अधिकारी विभिन्न बाजारों में थोक व्यापारियों के पास 200 किलो नमक तथा 500 दर्जन माचिस का न्यूनतम स्टाक बनाये रखेंगे और तदानुसार उपजिलाधिकारी को भी सूचित करेंगें। उपजिलाधिकारी, तहसीलदार आवश्यकता पड़ने पर अपने स्तर से नमक व दियासलाई की खरीद स्वयं भी कर सकें।

संचार व्यवस्था :–

बाढ़ की स्थिति में टेलीफोन की उपयोगिता का विशेष महत्व रहता है। बाढ. के समय सम्पर्क मार्ग का सम्बन्ध टूटने पर टेलीफोन की उपयोगिता और बढ़ जाती है। अतएव जनपद के टेलीफोन विभाग से यह अपेक्षा की जाती है कि वे जनपद के समस्त कार्यालयों एवं अधिकारियों के आवास तथा विशिष्ट व्यक्तियों के आवास के टेलीफोन की संचार व्यवस्था सही बनाये रखेंगे। बाढ़ के समय मनुष्यों एवं पशुओं की जीवन रक्षा का प्राथमिक उत्तरदायित्व होता है और ऐसे मौकों पर टेलीफोन विभाग का दायित्व और भी बढ़ जाता है। यह अत्यन्त आवश्यक होगा कि बाढ़ के समय एक्सचेन्ज पर ड्यूटिया तत्परता पूर्वक की जाये। प्रमुख आवश्यकता टेलीफोन नम्बरों की सूची संलग्न तालिका में प्रदर्शित की जा रही है।
टेलीफोन के साथ ही साथ आर0टी0 सेट भी बाढ़ सुरक्षा का अभिन्न अंग है। पुलिस अधीक्षक से अनुरोध किया गया ह ै कि वे बाढ. की समय समस्त आर0टी0 सेट को सही स्थित में बनाये रखने तथा बाढ़ सम्बन्धी सूचनायें तुरन्त टांन्सिमिट करने के संबंध में उक्त कार्यो हेतु नियुक्त कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश निर्गत कर दें ताकि इनका बाढ़ के समय समुचित प्रयोग किया जा सके।

बाढ़ सहायता कार्य हेतु पी0ए0सी0 (प्रशिक्षित) एवं सेना बुलाया जाना

बाढ़ की स्थिति जिला प्रशासन के नियंत्रण से बाहर होने की स्थिति उत्पन्न हो जाने पर आयुक्त महोदय के माध्यम स ं पी0ए0सी0 की सहायता मांगी जायेगी जिसकी सूचना शासन के राजस्व विभाग तथा गृह विभाग को भी दी जायेगी। पी0ए0सी0 उपलब्धता प्रशिक्षित कम्पनी 6ठीं वाहिनी पी.ए.सी., मेरठ (उ0प्र) जो मेरठ में उपलब्ध है। बाढ़ की अधिक गम्भीर होने पर स्थानीय प्रशासन एवं पी0ए0सी0 उस पर नियन्त्रण रखने में सफल न हो सके तो जिला प्रशासन को सहायता हेतु सेना से अनुरोध करना होगा।
जिला मुख्यालय पर थल सेना के कमाण्डर का स्वागत करेंगे और उससे मिलकर ठहरने के स्थान तथा प्रभावित क्षेत्रों जहां सेना को राहत कार्य करना है उसके बारे में अधिकारियो को जानकारी देंगे। बड़ौत के अतिरिक्त अन्य तहसील में सम्भवतः सेना की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। प्रभारी अधिकारी (बाढ) द्वारा सैन्य अधिकारियों को उनके द्वारा मांगी गयी बाढ़ सम्बन्धी सूचनाएं समय से उपलब्ध कराई जायेगी। उपजिलाधिकारी/तहसीलदार बडौत प्रभावित क्षेत्रों में सेना के लिये कार्य स्थल उसके ठहरने के स्थान आने जाने का मार्ग पहले से ही निर्धारित कर लेंगे। इस प्रकार का एक नक्शा तैयार रखेंगे जो सैन्य अधिकारियों को तुरन्त उपलब्ध करा दिया जायेगा। ताकि उन्हे कार्य सम्पादन में कोई कठिनाई न हो। सैन्य अधिकारियों को मार्ग की जानकारी देने हेतु उनके साथ रूट गाइड के रूप में क्षेत्रीय लेखपाल,संग्रह अमीन की तैनाती की जायेगी। यद्यपि सेना के पास स्वयं उनकी खाद्य सामग्री रहती है किन्तु सम्बंधित सैन्य अधिकारियो से मांग पत्र प्राप्त होने पर उन्हे आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराये जाने की व्यवस्था करेंगे। सेना के पास शक्ति चालित नांवें उपलब्ध होती हैं जो साधरणतया नदी की मुख्य व तेजबहने वाली धारा से हटकर चलती है और कम से कम छः फीट गहरे पानी मे ं चल सकती है। जिन सीनों पर नावों का प्रयोग किया जाना है वहां उपरोक्त शर्तों के परिपेक्ष में पूर्ववत् जानकारी कर ली जाये तथा सम्बन्धित सैन्य अधिकारियों अथवा जवानों को पहले से ही अवगत करा दिया जाये। सेना की मोटर बोटों का उपयोग सामान्य तौर पर दिन में ही हो

पाता है राहत कार्यपूर्ण होने पर यथाशीघ्र अवमुक्त किया जाना आवश्यक है तथा सेना के बुलाने एवं वापस भेजने सम्बंधी अभिलेख उन्हे तत्काल वाहन उपलब्ध करा दिये जाये।सेना की सहायता की मांग शासन से आयुक्त के माध्यम से ही की जानी चाहिये किन्तु अत्यन्त गम्भीर परिस्थितियों में जन जीवन की सुरक्षा हेतु सीधे भी सहायता मांगी जा सकती है किन्तु ऐसी परिस्थितियों में शासन को भी अवगत कराया जाना आवश्यक होगा। यद्यपि विगत कई वर्षो से सेना की आवश्यकता नहीं पड़ती किन्तु यदि भविष्य में आवयकता पड़ती है तो तदानुसार कार्यवाही की जायेगी।

बाढ़ राहत कार्य

वस्तुतः बाढ़ व्यवस्था तीन चरणो ं की जायेगी।

1. बाढ़ आने के पूर्व ही जाने पर की जाने वाली व्यवस्था।
2. बाढ़ की समस्या उत्पन्न होने पर की जाने वाली व्यवस्था।
3. बाढ़ के बाद की जाने वाली व्यवस्था।

प्रथम चरण में जनपद के जिला एवं बाढ़ कक्ष में तथा बाढ़ चौकियो ं पर बाढ़ से निपटने के लिये समस्त पूर्व व्यवस्थायें सुनिश्चित की जायेंगी ताकि प्रत्येक विभाग अपने–अपने सम्बन्धित कार्य को सम्पादित करने के लिये पूर्णरूपेण तैयार रहे। इसी क्रम में यह भी आवश्यक होगा कि पशु चारे आदि की समुचित व्यवस्था के लिए पहले से ही बाढ़ चौकियों के निकटस्थ दुकानदारों से सम्पर्क करें सामग्री तत्काल उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जाये। इस प्रकार पशुओं के चारे के लिये निकटस्थ श्रोतों पहले से ही पता रखा जाये जहां से चारा कब क्रय किया जाता रहा है। शासनादेश संख्या–4520/14–13–19/82 वन अनुभाग दिनांक–28.07.1983 द्वारा सभी प्रभागीय वनाधिकारी को यह निर्देश दिये जा चुके है कि बाढ़ ग्रस्त ग्रामों के व्यक्तियों के पशुओं को निःशुल्क चराये जाने की सुविधा वन क्षेत्रों मे ं प्रदान की जायेगी।

अतः जिला वनराज अधिकारी यह सुनिश्चित कर लें कि बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों के पशुओं को चराई सम्बंधी कोई असुविधा उत्पन्न न हों। प्रत्येक बाढ़ सुरक्षा चौकी पर सस्ते गल्ले की दुकानो ं पर खाद्य सामग्री तथा आवश्यक सामग्री में भुना चना, मिट्टी का तेल, माचिस, नमक, आटा, गेंहू, गुड़ आदि की व्यवस्था होगी। जहां से बाढ़ चौकी पर आवश्यकतानुसार सामग्री दुकानदारों से लेकर बाढ़ पीड़ितों का वितरित करेगें। संलग्न तालिका में दुकानदारों का नाम अंकित किया गया हैं। प्रत्येक बाढ चौकी मे ं पहले से यह सुनिश्चित कर लिया जायेगा कि इन्हे ं नावे कहां से उपलब्ध होगी तथा उपलब्ध होने वाली नांव में किसी प्रकार की कोई आवश्यकता नहीं है और यह पूरी तरह से प्रयोग योग्य है। इसके लिये यह भी आवश्यक होगा कि नांव मालिका के नाम तथा नाव पर कार्य करने वाले मल्लाहो के नाम आदि की जानकारी तथा उनसे सम्पर्क रखा जाये। बाढ़ चौकी पर नियुक्त अधिकारी/कर्मचारी नदियों के जल स्तर पर बराबर दृष्टि रखे और आवश्यकता पड़ने पर तुरन्त राहत कार्य प्रारम्भ कर देंगे। प्रत्येक उपजिलाधिकारी/तहसीलदार ऐसी व्यवस्थाओं के प्रति पूर्ण रूप से अश्वस्त होने

तथा जिला नियन्त्रण कक्ष को अवगत करायें कि प्रथम चरण की समस्त व्यवस्थायें पूर्ण कर ली गयी है। यदि वे किसी मामले में जिला स्तर से सहायता व निर्देशों की अपेक्षा करते हो तो समय से पूर्ण प्राप्त कर लें।

बाढ़ आने की सूचना प्राप्त होते ही द्वितीय चरण की कार्यवाही के लिये बाढ़ चौकी तैनात अधिकारी/कर्मचारी को तुरन्त सजग कर देना चाहिये। बाढ़ आने पर पानी से घिरे अथवा प्रभावित परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने तथा उसे चना, गुड़ माचिस, लाई, नमक, आटा तथा आलू आवश्यकतानुसार वितरित कराने की कार्यवाही करें। ऐसे समय पर बाढ़ पीड़ित परिवारों को सुरक्षा प्रदान किये जाने की अत्यन्त आवश्यकता होती है। प्रभारी अधिकारी (दैवी आपदा) पहले से ही पुलिस अधीक्षक को पत्र लिख कर अनुरोध करेंगे कि वे सम्बंधित थानाध्यक्षों को ऐसी व्यवस्था के सम्बंध में समुचित निर्देश जारी कर दें। चूंकि ऐसे समय पर मनुष्यों एवं पशुओं की बीमारी फैलने का भय बना रहता है। अतः स्वास्थ्य विभाग की निरोधात्मक कार्यवाही हेतु पहले से ही तैयार रहना चाहिये। बाढ़ चौकी के प्रभारी अधिकारी एवं नियुक्त कर्मचारी का यह उत्तरदायित्व होगा कि वह बाढ़ चौकी में अपनी उपलब्धता चौबीस घण्टे बनाये रखे ं। वितरण की गई सामग्री का क्रय एवं वितरण इत्यादि का लेखा जोखा नियमानुसार रखा जाये तथा बाढ़ चौकियों से सम्पर्क बनाये रखेंगे तथा भ्रमणउपजिलाधिकारी/तहसीलदार के निर्देशोनुसार जायेंगे ताकि समस्त अधिकारी/कर्मचारी एवं बाढ़ चौकियों से आपस का समन्वय बना रहे। जहां आवश्यक हो अहैतुक सहायता का वितरण उप जिलाधिकारी/तहसीलदार द्वारा किया जायेगा।

बाढ़ की समाप्ति पर तृतीय चरण में बीमारियां फैलने के कारण अत्याधिक खतरा रहता है, अतः परिस्थितियों में स्वास्थ्य विभाग को सर्तकता एवं सक्रिय योगदान की नितान्त आवश्यकता है उपयोगिता रहती है इसके लिये आवश्यक होगा कि जनपद का स्वास्थ्य विभाग अपने को पूर्ण रूपेण तैयार रखे और दवाओं का छिड़काव कराने तथा संक्रमक रोगों का मुकाबला करने विषयक आवश्यक चिकित्सा कार्य तत्काल प्रारभ्म कर देगें। मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियो की ड्यूटी पहले से ही बाढ़ प्रभावित क्षेत्रो ंमे ंलगाकर उनके दायित्व उन्हें निर्दिष्ट कर दिये गये है। अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद बागपत का यह दायित्व होगा कि बाढ़ के समय नगर की सफाई की विशेष व्यवस्था युद्ध स्तर पर सुनिश्चित करा लें। इस अवधि में बाढ़/अतिवृष्टि से गिरे हुये मकानों का सर्वेक्षण करा लेना आवश्यक होगा ताकि पात्र व्यक्तियों को ग्रह अनुदान का वितरण पात्रता सूचिया तैयार कराकर शीघ्रता से कराया जा सके। ऐसी सूचियों की तैयारी एवं जांच एक सप्ताह की अवधि में करा लेना आवश्यक होगा। समय–समय पर प्राप्त शासनादेशो ं के अनुसार राहत सामग्री अहैतुक सहायता एवं ग्रह अनुदान के लिये तैयार कराई जा रही पात्रता की सूची में यह सुनिश्चित किया जाये कि पात्र व्यक्ति का नाम छूट न जाये। इन सूचियों का सत्यापनार्थ हेतु खण्ड विकास अधिकारी की सहायता प्राप्त की जा सकती है तथा प्राप्त सूचियों में कुछ प्रतिशत का सत्यापन उपजिलाधिकारी द्वारा भी किया जायेगा। बाढ़ के बाद राजस्व अधिकारी क्षति का पूर्ण विवरण तैयार करेंगे। तदानुसार कृषि देय के स्थगन एव ं छूट सम्बन्धी प्रस्ताव उपलब्ध करायेगें। बाढ़ समाप्त होने पर विद्युत विभाग का दायित्व होगा कि वह विद्युत की क्षतिग्रस्त लाइनों एवं खम्भों को तत्काल मरम्मत कराकर विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करें। लोक निर्माण विभाग द्वारा क्षतिग्रस्त मार्गों को तत्काल मरम्मत का कार्य कराया जायेगा। इसी प्रकार पुलिस को भी पीड़ित

व्यक्तियों की सम्पत्ति एवं सुरक्षा का दायित्व होगा। जिला कृषि अधिकारी आगमी फसल के लिये रसायनिक खादो ं एव ं बीजों की व्यवस्था सुनिश्चित करायेंगे। बाढ़ के पूर्व, बाढ़ के समय एवं बाढ़ के उपरान्त हो कार्य जिस विभाग द्वारा सम्पादित किया जाना है उसका विवरण संलग्न तालिका में दर्शाया गया है।

बाढ़ सम्बन्धी अधिनियम

गृह विहीन व्यक्तियों को अन्यत्र बसाने एवं अन्य सहायताओं विषयक विशेष अधिनियम पहले से ही बने हुये है। जिनके प्राविधानों के अन्तर्गत प्राप्त अधिकारों का प्रयोगकर समस्याओं का शीघ्रता से निराकरण कर प्रभावित व्यक्तियों को राहत पहुंचाई जा सकती है। आपकी सुविधा के लिये इन अधिनियमों जिनका उल्लेख फ्लड ए अन्डर नेचुरल कैलामिटीज मैनुअल के रूप में उद्घृत भी है। संक्षिप्त विवरण निम्नलिखित है :–

1. उत्तर प्रदेश सम्पत्ति हस्तगत करने के अधिनियम 1952 द्वारा संशोधित उत्तर प्रदेश सम्पत्ति के हस्तगत करने का (बाढ़ सहायता अस्थाई) अधिकार अधिनियम 1948 इसमें बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में बाढ़ पीड़ितों को सहायता एवं आवास प्रदान किये गये है।
2. उत्तर प्रदेश बाढ़ सम्बन्धी आपात कालीन अधिकारी खाली कराने एवं अधिग्रहीत करने का(अधिनियम 1961 इसमें जन जीवन की सुरक्षा के लिये नांवों को अधिग्रहीत करने एवं बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों को पूर्ण अथवा आंशिक रूप से खाली कराने के अधिकार दिये गये है।

3. यू0पी0 रूल्स डेवलेपमेन्ट रिक्यूजीशनिंग आफ एक्ट 1984 की धारा–3 तथा शासनादेश संख्या–181 आर0आई0एस0 दिनांक 29 जनवरी 1951 यदि जलप्लावित क्षेत्रो ंसे पानी की निकासी के लिये कोई नालियां आदि खोदनी हो और उसके लिये भूमि अधिग्रहीत कराना आवश्यक हो तो उपरोक्त प्राविधानों के अनुसार तत्परता से कार्यवाही की जा सकती है।

4. उत्तर प्रदेश गृह स्थल (बाढ़ पीड़ित क्षेत्र) अस्थाई अधिकार अधिनियम 1957 बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में यदि उत्तर प्रदेश गृह स्थल (बाढ़ पीड़ित क्षेत्र) अस्थाई अधिकारी अधिनियम 1957 के दिये गये अधिकारों का प्रयोग करना आवश्यक हो तो उक्त अधिनियम के परिच्छेद के अन्तर्गत अधिसूचना जारी करने के लिये शासन से सम्पर्क स्थापित किया जाना चाहिये।

जन सहयोग

प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिये यह भी अत्यन्त आवश्यक है कि जिले के अधिकारी की जन सहयोग प्राप्त हो उपजिलाधिकारी अपने तहसीलों से जन प्रतिनिधियों की समितियों का गठन सुनिश्चित करेंगे। बाढ़ क्षेत्रो मे ं पीड़ितों का सहायता तथा शीघ्र दी जाये। सहायता वितरण के लिये तिथियां निर्धारित कर उसका प्रचार किया जना चाहिये। जिससे बाढ़ पीड़ित को पूर्ण जानकारी हो सके। तथा उसकी सूचना स्थानीय सहायता विधायकों एवं ब्लांक प्रमुखों को भी दी जाये। जिससे यदि वे चाहें तो अनुदान व सहायता वितरण के समय स्वयं उपस्थित रह सकें। दैवी आपदा के कारण हुये क्षति के सम्बंध में ऐसी तात्कालिक सहायता दी जाये जिससे प्रभावित व्यक्ति आपत्ति का सामना कर सके और अपने पैरों पर खड़ा हो सके। समुचित व्यवस्था के लिये धनराशि की आवश्यकता की पूर्ति जिला दैवी आपदा कोष से भी की जा सकती है। अतः जिले के दैवी आपदा कोष में स्वैछिक दान व रुपया जमा कराने के

प्रयास किये जाये और तहसील स्तर पर समितियों का भी सहयोग प्राप्त किया जाये। बाढ़ पीड़ितों को भी भोजन वस्त्र, बर्तन आदि की व्यवस्था करने के लिये समाज सेवी संस्थाओं से भी सहयोग लिया जाये। जनपद बागपत की बाढ़ सुरक्षा के अन्तर्गत तहसील स्तर पर इस योजना नियन्त्रक एवं संचालक उपजिलाधिकारी होंगे तथा योजना की सत्यता उनकी व्यक्तिगत जिम्मेदारी होगी।

जिला परामर्शदात्री सहायता समिति का गठन

01. विधायक (वर्णमाला के क्रमानुसार) अध्यक्ष
02. जिलाधिकारी, बागपत उपाध्यक्ष
03. पुलिस अधीक्षक, बागपत सदस्य
04. मुख्य विकास अधिकारी, बागपत सदस्य
05. मुख्य चिकित्साधिकारी, बागपत सदस्य
06. जिला विकास अधिकारी, बागपत सदस्य
07. अपर जिलाधिकारी, (वि0/रा0) सदस्य
08. अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, बागपत सदस्य
09. अधिशासी अभियन्ता, पम्प कैनाल, बागपत सदस्य
10. अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई प्रखण्ड बागपत सदस्य
11. अधिशासी अभियन्ता, जल निगम बागपत सदस्य
12. अधिशासी अभियन्ता, नलकूप प्रखण्ड, बागपत सदस्य
13. अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, बागपत सदस्य
14. अधिशासी अभियन्ता, लोकनिर्माण लोक निर्माण विभाग, बागपत सदस्य
15. अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण सेवा, बागपत सदस्य
16. जिला सूचना अधिकारी, बागपत सदस्य
17. जिला पूर्ति अधिकारी, बागपत सदस्य
18. जिला कृषि अधिकारी, बागपत सदस्य
19. मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, बागपत सदस्य
20. समस्त उपजिलाधिकारी, बागपत सदस्य
21. प्रभागीय वनाधिकारी, बागपत सदस्य
22. उप कृषि निदेशक बागपत सदस्य
23. अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद बागपत सदस्य
24. अध्यक्ष, जिला परिषद बागपत सदस्य
25. स्वयं सेवी संस्थाओं के तीन प्रतिनिधि सदस्य
26. बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के तीन प्रतिनिधि सदस्य
27. जिलाधिकारी द्वारा मनोनीत एक डिप्टी कलेक्टर सदस्य

बाढ़ की अवधि

बाढ़ का समय निश्चित होता है। हमारे क्षेत्र में बाढ़ का समय जून से सितम्बर तक माना जाता है। जब वर्षा ऋतु होती है। बाढ़ से सुरक्षाः–

बाढ़ के पूर्वः–

01. अपने परिवार व गाँव के लिए एक आपदा प्रबन्ध योजना बनाएं। समय–समय पर इसका पूर्वाभ्यास भी करें।
02. बारिश के समय/मौसम में रेडियो या टी0वी0 से प्रसारित सूचना व चेतावनी सुनें और उनका अनुपालन करें।
03. अफवाहों पर ध्यान न दें और घबराएं नहीं।
04. अपना आपदा सहायता किट तैयार रखें।
05. आवश्यक सामग्री एवं मवेशियों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचा दें।
06. नाव की मरम्मत करवा लें।
07. मवेशियों के लिए चारा इकट्ठा कर लें।

बाढ़ के दौरान–

01. उबला पानी पियें।
02. भोजन ढककर रखें।
03. बच्चों को भूखा न रहने दें।
04. ब्लीचिंग पाउडर से आसपास की जगह साफ रखें।
05. राहत सामग्री वितरित करने में प्रशासन/संस्थाओं का सहयोग करें।
06. अगर घर खाली करना होा तो अपना आपदा सहायता किट अवश्य साथ ले जायें।
07. घर खाली करने से पूर्व कीमती वस्तुएं व जरूरी कागज को प्लास्टिक की थैली में लपेटकर ऊँचे स्थान पर रखें।
08. नंगे पाँव बाहर न निकलें, बच्चों को नंगे पाँव न निकलने दें।
09. घर खाली करते समय लैटरिन में बालू से भरी बोरियां डाल दें। और किसी भी प्रकार के छेद या नाली को बन्द कर दें।
10. यदि पानी की गहराई पता न हो तो उसे पार करने की कोशिश न करें। यदि पार करना आवश्यक हो तो एक डण्डा साथ रखें। जिससे गहराई की जानकारी हो सके।
11. बच्चों को बाढ़ के पानी में मत खेलने दें।
12. सांपों से बचकर रहें।

.स्थानीय संसाधनों से बाढ़ के दौरान खोज–बचाव का निर्माण

यदि हम अपने आसपास की मामूली वस्तुओं पर ध्यान दें तो पायेंगे कि बहुत सारी चीजें हमारे किसी न किसी उपयोग की हो सकती हैं। बस हम थोड़ा सोच–विचार कर उन्हें संशोधित कर उन्हें संशोधित कर लें या जोड़ लें तो उनका उपयोग उनके कार्यों में किया जा सकता है। खोज व बचाव कार्य में काम आ सकने वाली बहुत सी वस्तुएं हमारे घर में ही होती हैं, पर उनका प्रयोग अलग–अलग तरीकों से करने में हम प्रशिक्षित नहीं होते। इसी कारण हम बच सकने वाली दुर्घटनाओं में भी घायल हो जाते हैं या भाग नहीं पाते

- गाड़ियों के एक–दो पुराने टायर–ट्यूब मरम्मत कराकर घर में रखें रहे तो बाढ़ के समय पानी से सुरक्षित बाहर निकला जा सकता है। चार ट्यूब आपस में बाँधकर नाव का भी

काम लिया जा सकता है।

- पानी या कोल्ड डिंक की बड़ी (2 लीटर वाली) बोतलों को ढक्कन से बन्द कर दें और टेपसे उसे सील कर दें फिर उसको शर्ट में पीठ की ओर चार बोतलों को कसकर बाँध दें पर बोतल पिचके नहीं। ये लाइफ जैकेट तैयार हो गया। इसे पहनकर पानी में तैरने का पूर्वाभ्यास कर लेना चाहिए।
- पुराने कम्बल के दो किनारों को आपस में सिलकर पाइप की तरह बना लें फिर इस पाइप के अन्दर दो डण्डे डालकर दोनों डाण्डों को बाहर की ओर खींचे जिससे पाइप एकदम पतला हो जाए। अब डण्डों को किनारें–किनारें पर बाँध लें। यह फोल्डिंग स्ट्रेंचर तैयार हो गया है।
- लाठी अपने आप में ही बचाव का एक अच्छा उपकरण है। बाढ़ के पानी में जाना यदि आवश्यक हो तो जाते समय लाठी साथ ले लेनी चाहिए। इससे पानी की गहराई का अन्दाजा तो होता ही है, साथ ही कीड़े–मकोड़ों और जानवरों से भी सुरक्षा होती है। पुरानी धोतियों को आपस में जोड़कर उमेठकर रस्सी का काम लिया जा सकता है।

जनपद बागपत में हुई वर्षा का तीन वर्षो का तुलनात्मक विवरण अक्टूबर 2016 तक (मि0मि0) में:–

माह	सामान्य	वर्ष 2014	वर्ष 2015	वर्ष 2016
जनवरी	25.40	42.10	23.65	0.00
फरवरी	25.60	64.81	2.00	0.42
मार्च	15.20	17.17	118.27	30.42
अप्रैल	10.50	10.66	28.94	0.00
मई	13.30	50.31	33.12	29.81
जून	70.10	103.43	49.27	14.90
जौलाई	200.30	76.95	135.72	207.00
अगस्त	190.00	75.39	128.88	124.4
सितम्बर	136.90	107.84	12.74	31.38
अक्टूबर	19.90	0.00	0.85	00.00
नवम्बर	2.10	0.00	2.69	
दिसम्बर	9.50	5.38	0.0	

सूखा

जनपद बागपत में अधिकांशतः सामान्य से कम वर्षा होने के कारण सूखे की स्थिति बनी रहती है। जनपद बागपत में विगत 10 वर्षों के दौरान वर्ष 2002–2003 तथा 2004–05, 2014–15 एव ं 2015–16 सूखे से प्रभावित रहा है। ग्रीष्म ऋतु में जनपद बागपत का अधिकतम तापमान सामान्यतः 46.2 डिग्री से0 तक अधिकतम तथा न्यूनतम 32.2 डिग्री से0 रहता है। जिसके कारण जनपद में गर्मी का व्यापक असर रहता है। जनपद में पेयजल आपूर्ति की ग्रीष्म ऋतु मे ं अक्सर समस्या पैदा हो जाती है। जिसकी व्यवस्था टैंकरों द्वारा सम्बन्धित क्षेत्रो में जलापूर्ति कराकर की जाती है। जनपद मुख्य रूप से कृषि प्रधान है। इसकी अधिकांश आबादी कृषि पर निर्भर है। खेती की सिंचाई हेतु जनपद में उपलब्ध संसाधनों का विवरण इस प्रकार हैः–

1.कृषि योग्य भूमि (हे0 में) :– 1.09
2.शुद्ध सिंचित (हे0 में) :– 83617
3.शुद्ध असिंचित (हे0 मे) :– 25383
4.जनपद के सरकारी चालू नलकूपों की संख्या :– 256
5.जनपद में कुल टेलों की संख्या :– 37
6.जनपद में कुल पम्प कैनालों की संख्या :– शून्य
तहसीलवार सूखे से प्रभावित ग्रामों का विवरण

सूखा आपदा प्रबन्धन हेतु

इस प्रकार की आपदा से निपटने के लिए ैजंदकंतक व्चतंजपवदैलेजमउ ;व्द्ध इस प्रकार है।

जिला आपदा प्रबन्ध प्राधिकरण

क्र0 सं0	अधिकारी/संस्था	घटना से पूर्व	घटना के दौरान	घटना के उपरान्त
01	कलक्टर/ जिलाधिकारी	विभिन्न विभागों की तैयारियों की समीक्षा, आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करना प्रशिक्षण, जनसहभागिता एवं पूर्वाभ्यास के कार्यक्रमों का अनुश्रवण	सभी विभागो को क्रियाशील करते हुए आवश्यकताओं को चिन्हीकरण एवं त्वरित प्रतिक्रिया	बचाव, राहत एवं पुनर्वास कार्यो का प्रभावी अनुश्रवण
02	पुलिस अधीक्षक	खोज,बचाव एवं राहत दलों का पर्याप्त प्रशिक्षण,पुर्वाभ्यास।आवश्यक आधुनिक उपकरणो/संसाधनो की उपलब्धता सुनिश्चित करना।रासायनिक पदार्था के भण्डारण परिवहन पर सतर्क दृष्टि रखना तथा अभिसूचना एकत्रित करना	खोज,बचाव एवं राहत विसंक्रमण आदि त्वरित प्रक्रिया टीमों को स्थल पर भेजना। कानून व्यवस्था,ट्रेफिक हेतु आवश्यक पुलिस बल तैनात करना।	विस्थापन क्षेत्र की घेरेबन्दी,शरणालय /राहत केन्द्र अस्पताल आदि पर पुलिस व्यवस्था। आवयकतानुसार सैन्य/अर्ध सैन्य बलो की मॉग स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से शव

				निस्तारण।
3	मुख्य चिकित्साधिकारी	पर्याप्त चिकित्सीय उपकरणों से युक्त राहत एवं बचाव दल का प्रशिक्षित कराना एवं उनका पुर्वाभ्यास करना चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक दवाईयों, उपकरणो एवं अन्य आवश्यक संसाधनो आदि की उपलब्धता सुनिश्चित करना। प्राइवेट अस्पतालों का चिन्हीकरण एवं समन्वय	घटना स्थल पर त्वरित गति से राहत एवं बचाव दल का राहत किट, उपकरणों एवं अन्य आवश्यक संसाधनों आदि के साथ भेजना जिला अस्पताल में पृथक वार्ड,डाक्टर,दवाओं एंबुलैन्स आदि की व्यवस्था करना।	प्रभावित व्यक्तियों को चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराना प्रभावित क्षेत्रों कोविसंक्रमित करना। प्रशिक्षण हेतु रसायनों के नमूने एकत्र कराने में सहयोग करना राहत शिविरो / शरणालयों पर चिकित्सा व्यवस्था पुलिस के सहयोग से शव निस्तारण।
4	अपर जिलाधिकारी (वि0 / रा0)	आपदा पूर्व तैयारियों का अनुश्रवण । तहसील ब्लाक एवं ग्राम स्तरीय कार्ययोजना तैयार करना जन जागरूकता प्रशिक्षण पूर्वाभ्यास आपातकालीन कन्ट्रोल रूम से सम्बन्धित व्यवस्था	राजस्व विभाग एवं अन्य विभाग के कर्मचारियों एवं संसाधनो को एकत्रित कर उनका उपयोग करना आपात कालीन नियंत्रण कक्ष को क्रियशील करना आवश्यकतानुसार आपदा स्थल पर नियंत्रण कक्ष खोलना राहत शिविरो की व्यवस्था।	बचाव राहत एवं पुनर्वास कार्यो का प्रभावी अनुश्रवण क्षति का आंकलन तथा प्रभावितो / पीडितो / मृतको आदि कीसूचीकरण रिर्पोटिंग आदि कार्य
5	उपजिलाधिकारी	तहसील स्तरीय सभी विभागो का अनुश्रवण,जन जागरूकता प्रशिक्षण पूर्वाभ्यास	प्रभावितो क्षेत्रो की सूचना देना तहसील स्तरीय विभागो को क्रियाशील करते हुये आवश्यकताओ का चिन्हीकरण एवं प्रभावी कार्यवाही करना	पीडित व्यक्तियों को राहत पहुॅचाना एवं सूचनाओं का आदान प्रदान करना क्षति का आंकलन तथा प्रभावितो / पीडितो / मृतको आदि की सूचीकरण रिर्पोटिंग आदि कार्य।
6	जल निगम	रासायनिक हमले से बचाव हेतु अपने जल स्रोतो एवं पेय जल योजनाओं को सुरक्षा की तैयारी एवं प्रशिक्षण	यह सुनिश्चित करना की कोई पेयजल स्रोत संक्रमित न हुआ हो संक्रमित पेय जल को विसंक्रमित करना इस	शुद्ध पेय जल की उपलब्धता सुनिश्चित करना क्षतिग्रस्त पेय जल स्रोतो की मरम्मत ।

			के लिये मुख्य चिकित्साधिकारी का सहयोग लेना	
7	विधुत विभाग	प्रर्याप्त,प्रशिक्षण पूर्वाभ्यास आवश्यक आधुनिक उपकरणो /संसाधनो की उपलब्धता सुनिश्चित करना अपने विधुत केन्द्रो पर अवांछनीय व्यक्तियों के प्रवेश से रोके तथा ऐसे किसी प्रयास की सूचना तत्काल पुलिस के दें।	स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार क्षेत्र विशेष की विधुत कटौती तथा जिला अस्पताल एवं राहत शिवरों में विधुत आपूर्ति	क्षतिग्रस्त सम्पत्तियों का पुननिर्माण
8	परिवहन विभाग	प्रर्याप्त प्रशिक्षण,पूर्वाभ्यास आवश्यक आधुनिक उपकरणो /संसाधनो की उपलब्धता सुनिश्चित करना ट्रान्सर्पोटरो की सूची एवं उनका फोन नम्बर आदि रखना	मॉग अनुसार अतिशीघ्र वाहनो की उपलब्धता सुनिश्चित करना	
9	रसद एवं आपूर्ति विभाग	प्रर्याप्त प्रशिक्षण,पूर्वाभ्यास। आवश्यक खाद्यान्न, तेल, चीनी आदि की आपूर्ति हेतु थोक व्यापारियों एवं भण्डारगृहों का चिन्हीकरण । पेट्रोल पम्पों एवं एल0पी0जी0 गोदामों पर पेट्रोल डीजल एवं एल0पी0जी0 की उपलब्धता का चिन्हीकरण।	मॉग के अनुसार आवश्यक खाद्यान्न, तेल, चीनी, पेट्रोल, डीजल एवं एल0पी0जी0 सुरक्षित करना।	मॉग के अनुसार आवश्यक खाद्यान्न, तेल, चीनी, पेट्रोल, डीजल एवं एल0पी0जी0 उपलब्ध कराना।
10	फायर बिग्रेड	प्रर्याप्त प्रशिक्षण,पूर्वाभ्यास। आवश्यक आधुनिक उपकरणों /संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करना।	घटना स्थल पर अल्प समय में अग्नि शमन एवं अन्य आवश्यक उपकरणों/संसाधनों के साथ पहुॅचकर राहत एवं बचाव कार्य करना।	
11	सूचना विभाग	प्रर्याप्त प्रशिक्षण,पूर्वाभ्यास। आवश्यक आधुनिक उपकरणों /संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करना।	मीडिया से समन्वय	मीडिया से समन्वय
12	पशु चिकित्सा	प्रर्याप्त प्रशिक्षण,पूर्वाभ्यास। आवश्यक आधुनिक उपकरणों /संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करना।	पशुओं के ईलाज सम्बन्धी समुचित व्यवस्था करना।	पशु कैम्पों पर चारे की व्यवस्था, टीकाकरण एवं सामुदायिक सहयोग से शवों का निस्तारण कराना आदि कार्य।

सूखे की समस्या के निदान हेतु विभागों को जारी किये गये दिशा–निर्देश

जनपद में कम वर्षा के कारण अवर्षण की स्थिति होने पर सूखे की समस्याओं के समाधान हेतु निम्न बिन्दुओं पर कार्यवाही किए जाने की सम्बन्धित विभागों को निर्देश दिए गए है ं।

1. फसल चक्र में फसलों का बदलाव तथा उन्नत बीजों का उपयोग किये जाने हेतु सूखे की समस्या उत्पन्न होने पर कार्यवाही कृषि विभाग द्वारा की जा रही है।
2.फसलों में फव्वारा पद्धति का विकास करके जल संरक्षण को बढ़ावा देने हेतु कार्यवाही कृषि विभाग द्वारा की जा रही है।
3.कृषि के साथ अन्य प्रकार के रोजगारों व परम्परागत उद्योगों को बढ़ावा देने हेतु कार्यवाही कृषि विभाग द्वारा की जा रही है।
4.वैकल्पिक फसलों के साथ खाद्य एवं बीज के प्रबन्ध की व्यवस्था उद्यान एवं कृषि विभाग से सूखे की समस्या उत्पन्न होने पर तत्काल प्रभाव से की जाएगी।
5.फसलों में रोग बचाव हेतु कीटनाशक दवाओं की समुचित व्यवस्था की कार्यवाही सम्बन्धित विभाग द्वारा सुनिश्चित की गई है।
6.पेयजल की सभी स्रोतों/संसाधनों की उचित मरम्मत एवं पूर्ण उपयोग जाने हेतु प्रशासन द्वारा हर सम्भव प्रयास किया जा रहा है।
7.खराब नलकूपों को समय से मरम्मत किये जाने हेतु अधिशासी अभियन्ता नलकूप खण्ड द्वारा कार्यवाही सुनिश्चित की जाती है।
8.पशुओं के पेयजल हेतु सिंचाई विभाग की नहरों/नलकूपों/निजी नलकूपों के माध्यम से तालाब एवं पोखरों के भरवानें की व्यवस्था अधिशासी अभियन्ता सिंचाई नोडल अधिकारी सिंचाई द्वारा सुनिश्चित की जा रही है। वर्तमान समय में सिंचाई की कोई समस्या नहीं है।
9.खेतिहर मजदूरों एवं अन्य जरूरतमंद लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाती है तथा यह प्रयास किया जाता है कि प्रत्येक राजस्व गांव में सरकारी योजनाओं के अन्तर्गत नियमानुसार कम से कम एक कार्य प्रतिदिन अवश्य होता रहे।
10.सूखे के प्रभाव को कम करने के लिए सरकारी योजनाओं यथा–मनरेगा आदि का क्रियान्वयन हेतु सम्बन्धित विभागों निर्देशित किया गया है।
11.खराब टांसफार्मर निर्धारित अवधि में बदलने की व्यवस्था विद्युत विभाग द्वारा सुनिश्चित की जाती है।
12.रोस्टर के अनुसार निर्धारित समय में निर्बाध रूप से विद्युत आपूर्ति हेतु व्यवस्था सुनिश्चित कराये जाने का प्रयास किया जा रहा है। स्थानीय खराबी को शीघ्रताशीघ्र ठीक कराये जाने की कार्यवाही की जा रही है।
13.सिंचाई के सभी संसाधनों/सरकारी नलकूपों को चालू स्थिति में रखने का यथा संभवप्रयास किया जाता है।
14.नहरों के रोस्टर के अनुसार चलाये जाने की व्यवस्था सुनिश्चित की गयी है।

15.मनुष्यों को लू, संक्रामक रोगों एवं महामारियों से बचाने के लिए आवश्यक निषेधात्मक व्यवस्था एवं सघन चिकित्सीय व्यवस्था को बेहतर बनाये जाने हेतु समस्त सम्बन्धितों को निर्देशित किया गया है।
16.महामारियों के नियंत्रण हेतु वांछित दवाओं की व्यवस्था किए जाने हेतु समस्त सम्बन्धितों को निर्देशित किया गया है।.

<u>सम्भावित सूखे को देखते हुए चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग से सम्बन्धित निम्नवत् तैयारियां की गयी हैंः–</u>

(क)–स्टाफ की उपलब्धताः–जनपद के जिला चिकित्सालय पुरुष एवं महिला तथा पुलिस चिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों/प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में उपलब्धता के अनुसार चिकित्सालयों में चिकित्सा अधिकारियों/कर्मचारियों से कार्य लिया जा रहा है। जिससे कार्य सुचारू रूप से चल सके।

(ख)–दवाओं की उपलब्धताः–जनपद के जिला चिकित्सालय पुरुष एवं महिला तथा पुलिस चिकित्सालय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों/प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में जीवन रक्षक औषधियां सहित सभी औषधियां उपलब्ध हैं।

(ग)–शैया की उपलब्धताः–जिला चिकित्सालय पुरुष एवं महिला में शैया की उपलब्धता मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा सुनिश्चित की जायेगी।

(घ)–गंभीर बीमारियों के लिए अलग शैयाओं की व्यवस्थाः–किसी तरह की आकस्मिकता आने पर प्रत्येक प्रत्येक सी0एच0सी0/पी0एच0सी0 एवं जिला चिकित्सालय में अतिरिक्त शैयाओं की व्यवस्था कर ली जाएगी।

(ड.)–पेयजल आपूर्ति की व्यवस्थाः–जनपद के सभी चिकित्सालयों में जलापूर्ति हेतु ओवर हेड टैंक की स्थापना है तथा सभी चिकित्सालयों में हैण्डपम्प भी स्थापित है।

(च)–विद्युत आपूर्ति की व्यवस्थाः–रोस्टर के अनुसार विद्युत आपूर्ति होती है तथा जिला पुरुष/महिला चिकित्सालय एवं सी0एच0सी0/पी0एच0सी0 कुरारा, मौदहा, मुस्करा, नौरंगा, राठ, सरीला, सुमेरपुर, गोहाण्ड में जनरेटर एवं इनर्वटर उपलब्ध हैं।

(छ)–संक्रामक एवं महामारी से सम्बन्धित सूचनाः–जनपद मं मुख्यालय सहित सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों/प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में संक्रामक रोग नियन्त्रण टीमों का गठन कर लिया गया है जो जनपद में किसी भी स्तर से सूचना प्राप्त होते ही सम्बन्धित स्थान पर जाकर टीम उपचारात्मक एवं निरोधात्मक कार्यवाही की जाती है। अभी तक जनपद में किसी भी संक्रामक/महामारी की सूचना नहीं है।

(ज)–एम्बुलेन्स की उपलब्धताः–आकस्मिक चिकित्सा व्यवस्था हेतु जनपद में 108 एम्बुलेन्स सेवा तत्काल उपलब्धता स्वास्थ्य विभाग द्वारा सुनिश्चित की जायेगी।
वर्तमान समय में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग में सूखे से सम्बन्धित कोई समस्या नहीं है। फिर भी सूखे को देखते हुए सभी तैयारियाँ कर ली गयी हैं।

सम्भावित सूखे से निपटने हेतु पशुपालन विभाग बागपत की तैयारियों का विवरणः–

17. पशुओं के चारे के अभाव की स्थिति में निपटने हेतु कार्य योजना तैयार कर ली गयी है। सूखेकी समस्या उत्पन्न होने पर तात्कालिक प्रभाव से चारे की व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने हेतुमुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित भी किया गया है।

वर्तमान समय में एक सप्ताह से मानसून सक्रिय हो जाने के कारण जनपद में सूखे जैस स्थिति की सम्भावना प्रतीत नहीं हो रही है। फिर भी विभाग द्वारा पूर्व में ही सूखे से निपटने हेतु सभी आवश्यक तैयारियाँ पूर्ण कर ली गयी हैं। जनपद में पशुओं के लिए वर्तमान में चारे की कोई कममी नहीं है। फिर भी आवश्यकता पड़ने पर विभागीय प्रक्षेत्रों एवं स्थानीय स्तर पर भूसे की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के लिए पूर्व में ही दिशा–निर्देश दिए जा चुके हैं। जनपद में 35 सूखा राहत केन्द्र प्रस्तावित किए गए हैं, जिसमें 60 कुन्टल भूसा की व्यवस्था प्रस्तावित है।

पशुओं के पेयजल की व्यवस्था हेतु हैण्डपम्प, नहरें, पोखर एवं विशेष परिस्थिति में टैंकरों द्वारा पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। सूखे की विषम परिस्थितियों में पशु सुरक्षा हेतु 400 बड़े तथा 180 छोटे पशु संक्षित कर 30 से अधिकतम 90 दिनों तक निःशुल्क भूसा, सूखा चारा, चिकित्सा एवं टीकाकरण जैसी सुविधाएं प्रदत्त की जाएंगी। टीकाकरण तथा पशु चिकित्सा का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है तथा वर्तमान समय में जनपद में पशुओं में कोई बीमारी नहीं है। पशुओं में बीमारी से रोकथाम हेतु विभाग के पास प्रत्येक चिकित्सालयों में पर्याप्त मात्रा में टीके तथा औषधियाँ उपलब्ध हैं। विभाग में प्रत्येक पशु चिकित्सालय के तहसील स्तर पर 01 उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी तथा ब्लाक स्तर पर एक–एक पशु चिकित्साधिकारी कार्यरत हैं। सूखे की स्थिति से निपटने हेतु अधिकारियों के साथ–साथ स्टाफ पूर्णतया तैयार है, जिसके लिए मुख्यालय तथा ब्लाक स्तर पर कन्ट्रोल रूम की स्थापना की गयी है जो कि सूखे की स्थिति में 24 घण्टे कार्यरत रहेगा।

18. पशु चिकित्सालयों में पशुओं के उपचार के संसाधन एवं दवाओं की समुचित व्यवस्था किये जाने की कार्यवाही सुनिश्चित की गयी है। इसके लिए समस्त सम्बन्धितों को पूर्व में ही निर्देश निर्गत किए जा चुके हैं।

19 .आकस्मिकता हेतु आवश्यक खाद्यान्न एवं उपभोक्ता वस्तुओं की व्यवस्था। वर्तमान समय में खाद्यान्न की कोई समस्या नहीं है। डीजल आदि पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है।

20. कुपोषण की स्थिति से निपटने हेतु सभी तैयारियां सम्बन्धित विभाग द्वारा की गयी हैं।

21. सूखे की अवधि में अग्निकाण्ड की स्थिति उत्पन्न होने पर अग्नि–शमन सेवाओं का तत्काल उपयोग किया जाएगा। वर्तमान समय में अग्निशमन की गाड़ियां जनपद में पर्याप्त मात्रा मेंउपलब्ध नहीं हैं।

22. आपदा से प्रभावित व्यक्तियों को तत्काल राहत उपलब्ध करायी जाती है।

23. सूखे के संबंध में उत्पन्न स्थानीय परिस्थितियों के दृष्टिगत वांछित कार्यवाही। वर्तमान समय में सूखे से सम्बन्धित कोई गम्भीर समस्या नहीं है। मुख्य रूप से पेयजल की समस्या उत्पन्न हो जाती है जिसका प्रमुख कारण जल स्तर का गिर जाने से हैण्डपम्प कार्य नहीं करते हैं। फिर भी पेयजल की व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाये रखने हेतु सभी सार्थक

प्रयास प्रशासन द्वारा किए जा रहे हैं।सामान्यता सूखे की स्थिति उत्पन्न होने पर जनपद में मानव पेयजल, पशु पेयजल की समस्या उत्पन्न होती है जिसके लिए अधिशासी अभियन्ता, जल निगम, जल संस्थान को पेयजल आपूर्ति चालू रखने हेतु समुचित दिशा–निर्देश भी निर्गत किए गए हैं। पशुओं के पेयजल हेतु अधिक से अधिक तालाब/पोखर एवं गड्ढे भराये जाने हेतु अधिशासी अभियन्ता सिंचाई नोडल अधिकारी सिंचाई को निर्देशित किया गया है। कृषि विभाग को कम वर्षा में बोई जाने वाली फसलों के बारे में जनपद के किसानों का जागरूक किए जाने हेतु निर्देशित किया गया है। मनरेगा के अन्तर्गत अधिक से अधिक कार्य कराये जाने को प्राथमिकता प्रदान किए जाने की अपेक्षा की गई है। मानव एवं पशुओं के रोगों से बचाव हेतु मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को भी सतर्कता बरतने व जीवन रक्षक दवाओं की उपलब्धता बनाये रखने हेतु निर्देशित किया गया है। पशुओं के लिए पर्याप्त चारे की व्यवस्था हेतु मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए गए हैं।

1– मानसूनी वर्षा समय से हाने के बाद बीच में अवर्षण होने की दशा में :–

कभी–कभी खरीफ में वर्षा समय से प्रारम्भ होने के बाद बीच में रूक जाती है और यदि अवर्षण की स्थिति 10–15 दिन से अधिक होती है तो बोयी गई फसलें सूखने लगती है । अतएव ऐसी स्थिति में :–

क– फसलों को बचाने के लिये सुरक्षात्मक सिंचाई की व्यवस्था परम आवश्यक है इसके लिये

1– समस्त राजकीय नलकूपों को चालू हालत में रखा जायेगा ।

2– खराब होने वाले नलकूपो को त्वरित मरम्मत का प्रबन्ध किया जायेगा ।

3– डीजल/बिधुत की नियमित एवं निर्वाध आपूर्ति करायी जायेगी।

4– नहरों का संचालन।

इस प्रकार से सिचाई के उपलब्ध समस्त साधनों का उपयोग करते हुये फसलों की क्षति को बचाने के प्रयास किये जायेगे। आवश्यक होगा कि विभिन्न स्तरो पर उपरोक्त संसाधनों के सुचारू रूप से चलते रहने की समय–समय पर समीक्षा की जायेगी।

क– यदि बीच में अवर्षण की स्थिति के कारण कुछ खेतो में फसलें सूख जाती है तो बाद में वर्षा होने की दशा में कम समय में तैयार होने वाली संकर बाजरा, उर्द, मूँग तथा तिल फसलों की बुबाई कराने के प्रयास किये जायेगें।

ख– खडी फसलों वाले खेतों में भूमि में नमी संरक्षण रखने हेतु फसलों में इण्टर कल्चर एवं मल्चिंग क्रियाओं के लिये किसानों को प्रोत्साहित करने के प्रयास किये जायेगें, क्योकि निराई, गुडाई करके फसलों को खरपतवारों से मुक्त रखने से भूमि की नमी फसलों को ही मिलेगी तथा खेतो में नमी का संरक्षण भी होगा।

ग– यदि अवर्षण की स्थिति अगस्त के तीसरे सप्ताह में बनी रहती है तो उस दशा में उर्द, मूँग, तथा तिल की बुबाई की जायेगी तथा सितम्बर माह के प्रथम पखवारे में अगेती राई/सरसों एवं तोरिया की बुबाई करायी जायेगी ।

.2. मानसून वर्षा समय से पहले समाप्त होने की दशा में :–

जनपद में वर्षा समान्यतः 20 जून से प्रारम्भ होकर सितम्बर माह तक होती है और अक्टूबर के प्रथम सप्ताह में भी छिटपुट वर्षा हो जाती है। कभी कभी यह मानसूनी वर्षा अगस्त के तीसरे सप्ताह या सितम्बर माह में ही समाप्त हो जाती है इस प्रकार की स्थिति उत्पन्न होने से जनपद में खरीफ की प्रमुख फसलों को भारी क्षति होती है । इस सम्भावित क्षति को रोकने/कम करने के लिये :–

क– मध्य में अवर्षण की स्थिति के लिये लिखित बिन्दुओं–2 क एवं 2 ग के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित करायी जायेगी।

ख– वर्षा का जो पानी संचय बन्धियों में उपलब्ध है। उससे फसलों के बचाने हेतु सुरक्षात्मक सिंचाई के रूप में प्रयोग किया जायेगा।

ग– खेतों में जुताई ढाल के बिपरीत करायी जायेगी, तथा किसानों को इस बात के लिये भी प्रेरित किया जायेगा कि वे खेतों में जुताई सायंकाल करके अगली प्रातः पाटा लगायें जिससे रात्रि में पड़ी ओस की नमी के रूप में भूमि में अधिकतम संचय हो सके।

वर्ष 2015 में सूखा राहत कार्यक्रम के अर्न्तगत के अर्न्तगत आवश्यक कार्यो का विवरण

अधिषासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम, बागपत द्वारा सूखा राहत कार्यक्रम के अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रों एवं नगरीय क्षेत्रों हेतु आवष्यक कार्यो का विवरण प्रस्तुत किया है, जो निम्नवत् है–

वर्ष 2015 में सूखा राहत कार्यक्रम के अन्तर्गत आवष्यक कार्यो का विवरण

क0सं0	जनपद का नाम	क्षेत्र	प्रस्तावित कार्य			अतिरिक्त वितरण प्रणाली	कुल धनराशि	टिप्पणी
			नये हैण्डपम्प	पुर्नस्थापना योग्य हैण्डपम्प	पुर्नस्थापना योग्य हैण्डपम्प			
1.	बागपत	ग्रामीण क्षेत्र	0	890	4	54	1176.740	
		नगरीय क्षेत्र	27	18	0	—	28.413	
	योग						1205.153	

ग्रामीणक्षेत्रः–
(धनराषि लाख रू0 में)

क	विकास खण्ड का नाम	प्रस्तावित नये हैण्डपम्प				प्रस्तावित पुर्नस्थापना योग्य हैण्डपम्प		प्रस्तावित पुर्नस्थापना योग्य नलकूप			प्रस्तावित अतिरिक्त वितरण प्रणाली			धनराषि
		मात्रा	दर प्रति हैण्डपम्प	आवश्यक धनराषि	मात्रा	दर प्रति हैण्डपम्प	आवश्यक धनराषि	मात्रा	दर प्रति हैण्डपम्प	आवश्यक धनराषि	मात्रा	दर प्रति नलकूप	आवश्यक धनराशि	
1	बागपत	0	0	0	145	0.566	82.070	0	0	0	2	12.000	24.000	106.070
2	बडौत	0	0	0	183	0.566	103.578	0	0	0	20	12.000	240.000	343.578
3	खेकडा	0	0	0	104	0.566	58.864	0	0	0	2	12.000	24.000	82.864
4	छपरौली	0	0	0	118	0.566	66.788	0	0	0	4	12.000	48.000	114.788
5	पिलाना	0	0	0	147	0.566	83.202	0	0	0	18	12.000	216.000	299.202
6	बिनौली	0	0	0	193	0.566	109.238	4	25.000	100.000	8	12.000	96.000	230.238
	योग				**890**		**503.740**	**4**		**100.00**	**54**		**648.00**	**1176.740**

नगरीय क्षेत्र :– (धनराषि लाख रू0 में)

क्र0सं0	जनपद	नगर का नाम	प्रस्तावित नये हैण्डपम्प			प्रस्तावित पुर्नस्थापना योग्य हैण्डपम्प			प्रस्तावित पुर्नस्थापना योग्य नलकूप			धनराषि
			मात्रा	दर प्रति हैण्डपम्प	आवश्यक धनराषि	मात्रा	दर प्रति हैण्डपम्प	आवश्यक धनराषि	मात्रा	दर प्रति हैण्डपम्प	आवश्यक धनराषि	
1.	बागपत	बागपत	5	0.675	3.375	3	0.566	1.698	0	0	0	5.073
		बडौत	5	0.675	3.375	5	0.566	2.83	0	0	0	6.205
		खेकडा	3	0.675	2.025	2	0.566	1.132	0	0	0	3.157
		छपरौली	3	0.675	2.025	2	0.566	1.132	0	0	0	3.157
		दोघट	3	0.675	2.025	2	0.566	1.132	0	0	0	3.157
		टीकरी	3	0.675	2.025	2	0.566	1.132	0	0	0	3.157
		अग्रवाल मण्डी	3	0.675	2.025	2	0.566	1.132	0	0	0	3.157

		टटीरी										
		अमीनगर सराय	2	0.675	1.35	0	0.566	0	0	0	0	1.350
योग			**27**		**18.225**	**18**		**10.188**	**0**	**0**	**0**	**28.413**

भाग–3
अग्निकाण्ड

जनपद बागपत के विभिन्न भागों में अग्निकाण्ड से प्रतिवर्ष व्यापक नुकसान होता है। अग्निकाण्ड की घटनाएं प्रायः मार्च से जून के महीने में होती है। प्रत्येक वर्ष लगभग 10 से 20 से अग्किाण्ड की छोटी–बड़ी घटनाएं घटित होती हैं। जनहानि की घटनाएं प्रायः बहुत की कम होती हैं। किन्तु मकानों की क्षति, पशुशाला में काफी क्षति के प्रकरण संज्ञान में आते हैं। प्रकरण दैवीय आपदा के अन्तर्गत आने पर नियमानुसार राहत सहायता भी प्रदान की जाती है। फायर बिग्रेड के पास पर्याप्त संसाधनों का अभाव है। इस दिशा मे निम्न कार्यवाही कार्य योजना में शामिल की जानी आवश्यक है। सभी तहसील एवं विकासखण्ड मुख्यालय में अग्निशमन केन्द्र (फायर स्टेशन) की स्थापना की जानी अत्यन्त आवश्यक है। आवश्यकता पड़ने पर बड़ौत आदि फायर स्टेशनों से अग्निकाण्ड के दौरान मदद ली जाती है।

आगः–आग एक रसायनिक प्रक्रिया है जो त्रिभुज के आधार पर कार्य करती है ताप, ईंधन एवं वायु (ऑक्सीजन) इनमे से किसी एक के न होने पर आग नहीं जल सकती।

आग के प्रकारः–

1. प्रथम श्रेणी की आगः– सामान्य ज्वलनशील पदार्थ की आग जैसे कोयला, लकड़ी, कागज, कपड़ा आदि की आग। इसे पानी डालकर बुझाया जा सकता है।

2. द्वितीय श्रेणी की आगः– ज्वलनशील तरल पदार्थों की आग जैसे पेटोल, वार्निस, मिट्टी का तेल आदि। इसे बुझाने के लिए आक्सीजन रोकना आवश्यक है।

3. तृतीय श्रेणी की आगः– ज्वलनशील गैसों की आग जैसे एल.पी.जी., सी.एन.जी. आदि। इसे बुझाने के लिए गैस अथवा पाउडर का प्रयोग किया जाता है।

4. चतुर्थ श्रेणी की आगः– ठोस पदार्थों या धातुओं की आग जैसे मैग्नीशियम, अल्यूमिनियम, लोहा आदि। इसे रासानियक क्रियाओं के द्वारा बुझाया जाता है।

5. पंचम श्रेणी की आगः– जो आग बिजली के द्वारा लगतती है, वह इस श्रेणी में आती है।

इसे विद्युत आपूर्ति बन्द करके बुझाया जाता है।

आग बुझाने के सिद्धान्तः–जिस प्रकार आग लगने के लिए तीन सामग्री आवश्यक है, उसी प्रकार आग बुझाने के लिए इन्हीं तीन सामग्री में से एक को हटाकर या रोककर आग बुझाया जाता है।

1–स्टारवेशन मेथडः– इसका अर्थ है आग को भूखा मारना। आग से यदि उसका भोजन ईंधन आदि हटा दिया जाए तो आग बुझाई जाएगी। इसे निम्न प्रकार से किया जा सकता है।

;पद्ध ज्वलनशील वस्तु को आग के पास से हटाकर

;पपद्ध आग को ज्वलनशील वस्तु से पास से हटाकर

;पपपद्ध जलने वाली वस्तु को छोटे–छोटे टुकड़ों में बांटकर

2–कूलिंग मेथडः– इसका अर्थ है ताप को कम करना। यदि आग का ताप कम कर दिया जाये तो आग बुझ जायेगी। इसे निम्न प्रकार से किया जा सकता है।

;पद्धजलने वाली वस्तु को पानी में डालकर

;पपद्ध जलने वाली वस्तु को ठण्डा करके

3–स्मोदरिंग मेथडः–इसका अर्थ है हवा (आक्सीजन) को आग से दूर करना। यदि आग का हवा से सम्पर्क काट दिया जाये तो आग स्वतः बुझ जायेगी। इसे निम्न प्रकार से किया जा सकता है।

;पद्ध आग के चारों ओर बालू, मिट्टी, कीचड़, कम्बल आदि का आवरण बनाकर

;पपद्ध भवन में लगी आग के लिए सभी खिड़कियों, दरवाजे, रोशनदान आदि बंद करके जलती हुई वस्तु के चारों ओर झाग बनाकर

;पपपद्ध आग पर डांई पाउडर डालकर

<u>अग्निकाण्ड से बचाव हेतु क्या करें:–</u>

1. अपने मकान/स्थान को खाली करने की पूर्व योजना दिमाग में रखें तथा पूर्वाभ्यास भीकरें।
2. मकान/स्थान से निकलने के दो मार्ग सोचकर रखें।
3. फायर एक्सटिंग्युसर लगवाएं तथा चलाना भी जानें।
4. आग/कार्बनमोने ऑक्साइड एलार्म लगवाए तथा उसे ठीक दशा में रखें।
5. मकान/स्थान के बाहर किसी खुली जगह मे ं मिलने का स्थान भी सोचकर रखें।
6. मकान में एल0पी0जी0 गैस की पाइप खराब होने से पहले बदल दें।
7. बच्चों को ज्वलनशील पदार्थ से दूर खें।

क्या करें अग्निकाण्ड के दौरानः–

1–आग/कार्बनमोने ऑक्साइड की सूचना पर शान्ति से किन्तु जल्दी मकान/स्थान खाली करें।

2. काई वस्तु/दरवाजा छूने से पहले समझ ले कि वह बहुत गर्म न हो।
3. धुएं की स्थिति में जमीन/फर्श से सटकर रहें क्योंकि धुआं ऊपर उठता है।
4. फायर/पुलिस से सम्पर्क करें।
5. पेटोल से लगी आग पर पानी काम नहीं करता तथा विद्युत से लगी आग में पानी डालने पर करंट फैलने का खतरा रहता है। अतः पेटोल से लगी आग में मिट्टी/बालू का इस्तेमाल करें तथा बिजीली से लगी आग में विद्युत कनेक्षन काटने के बाद पानी डालें।

क्या करें अग्निकाण्ड के उपरान्तः–

1.घायलों को खुले एवं ठण्डे स्थान पर रखें तथा निकटतम चिकित्सालय पर ले जाए।

क्या न करेंः–

1. जलती मोमबत्ती, अगरबत्ती, गैस, मिट्टी के तेल का उपयोग, अलाव, चूल्हे व बीड़ी या सिगरेट न छोड़े।
2. घर में अनावश्यक एवं अधिक मात्रा में ज्वलनशील पदार्थ न रखें।
3. घटना के घबराये नहीं।
4. बिजली के तार पर कपड़े न फैलायें।
5. सड़क पर बिजली विभाग के गिरे तारों की उपेक्षा न करके तत्काल विद्युत विभाग को सूचित करें।
6. फसलों मे ं मौसम में खेतों के पास आग न जलाए।

अग्नि सुरक्षा के उपायः–

1. घर में बीड़ी, सिगरेट आदि का प्रयोग न करें।
2. बच्चों की पहुंच से माचिस, स्टोव, पटाखे, तेजाब आदि दूर रखें।
3. भोजन बनाते समय सूती एवं फिट कपड़े पहनें।
4. जलते हुए लालटेन या स्टोव में मिट्टी का तेल न भरें।
5. पहने हुए कपड़ों का प्रयोग, चूल्हे से बरतन उतरने के लिए न करें।
6. भोजन बनाने के बाद चूल्हे, स्टोव व अंगीठीं को तत्काल बुझा दें।
7. गैस सिलेण्डर को सदैव खड़ा रखे ं तथा रात मे ं सोने के पूर्व रेगुलेटर अवश्य बन्द करें।
8. गैस के रबर पाइप को नियमित समय पर बदलें।
9. गैस में लीकेज का आभास होने पर सभी आग बुझा दे ं। सभी खिड़की, दरवाजे खोल दें व गैस एजेन्सी को तत्काल सूचित करें।
10. यदि कपड ों में आग लग जाएतो भागे नहीं। जमीन पर लेटकर या शरीर पर कम्बल लपेटकर आग बुझाने की कोशिश करें।
11. घर के बाहर मार्ग को खुला रखें जिससे आवागमन बाधित न हो।
12. यदि सम्भव हो तो घर में फायर एलार्म या घरेलू अग्निशमन यन्त्र लगवाएं।
13. एक ही साकेट में कई विद्युत उपकरण न लगाए ं।
14. घर की आपदा प्रबन्ध योजना बनाएं तथा समय–समय पर उसका पूर्वाभ्यास करें।
15. घर में पानी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रखें।
16. रसोई की छत को यदि फूस से बनाएं तो उस पर अन्दर से मिट्टी का लेप करें।
17. गाँव के तालाब या कुए ं तक फायर बिग्रेड के पहुंचने का मार्ग बनाए रखें।
18. यदि किसी आयोजन के लिए पण्डाल लगाएं तो उसके चारो ओर कम से कम 5 मीटर खुला स्थान छोड़ें।
19. पण्डाल की ऊँचाई 3 मीटर से अधिक रखें।
20. पण्डाल से बाहर निकलने के लिए 5 मीटर या उससे चौड ा रास्ता रखें।
21. पण्डाल में कुर्सियां बहुत कम मात्रा में व व्यवस्थित ढंग से लगाए ं।

22. पण्डाल के पास पानी की पर्याप्त व्यवस्था रखें।
23. अस्थाई रसोईघर को पण्डाल से 200 मीटर से दूर बनाएं।
24. विद्युत टांसफार्मर, रेलवे लाइन व खलिहान के आसपास आग न जलाएं।
25. बिजली के उपकरणों में आग लगने पर उसे पानी से बुझाने का प्रयास न करें।
26. बिना प्लग के तार बिजली के साकेट में न लगाएं।

आपात कालीन सहायता

- पुलिस 100
- अग्निशमन सहायता 101
- एम्बुलेन्स 102
- समाजवादी स्वास्थ्य सेवा एम्बुलेंन्स 108
- आपदा नियन्त्रण कक्ष 1077
- ट्रैंफिक कन्टोल 1073
- महिला हेल्प लाइन 1090

फोन पर सूचना देते समय घटना स्थल का सही पता बतायें व घटना स्थल पर पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध है या नहीं जानकारी दें।

भूकम्प से बचाव हेतु बरती जाने वाली सावधानियाँ

1. पहले झटके बाद और झटकों के लिए तैयार रहें। हालांकि दूसरा, तीसरा झटका उतना प्रभावशाली नहीं होता है, पर फिर भी टूटी इमारत को क्षति पहुंचती है। बाद के झटके कभी भी आ सकते हैं। घंटों, दिनों, हफ्तों, या महीनों बाद, कभी भी।
2. यदि आप ऊंची इमारत में हो तो लिफ्ट का प्रयोग न करें, सीढ़ियो ं का इस्तेमाल करें।
3. टूटे हुए घर में दोबारा प्रवेश न करें और किसी भी क्षतिग्रस्त इमारत से दूर रहें।
4. कांच, खिड़कियों व गिरने तथा टूटने वाले सामनों से दूर रहें।
5. यदि घर के बाहर हैं तो शीघ्र खुले म ैदान अथवा सुरक्षित स्थल पर चले जाये ं।
6. भूकम्प के दौरान ऐसी जगह न खड़े हो जहॉ बिजली के खम्भे, मोबाइल टावर, वाटर टैंक, बिजली के टांसफार्मर इत्यादि हों।
7. यदि आप वाहन चला रहे हों तो सड़क की बायीं ओर हो जाए ं और रुक जाए ं।
8. भूकम्प के दौरान पुल से कभी न जाए ं, क्योंकि हो सकता है पुल आगे टूटा हो।
9. घबराएं नहीं धैर्य बनाये रखें।
10. न तो अफवाह फैलाए ं और न ही अफवाहो ं पर विश्वास करें।
11. अपने रेडियो अथवा टी0वी0 सेट से भूकम्प सम्बन्धी नवीनतम सूचना/बुलेटिन व प्रसारित की जाने वाली पूर्व चेतावनी पर ध्यान दें।
12. पीने का पानी, खाने का समान, जरूरी दवाएं एवं आवश्यक अभिलेख आदि व्यवस्थित कर लें।
13. यदि गैस की महक आये तो खिड़कियां खोल दें तथा गैस बन्द कर दें ओर बाहर निकल आये ं।

14. मोमबत्ती, लालटेन की जगह टार्च का प्रयोग करें। अग्निदुर्घटना की आशका होने पर एहतियात बरतें।
15. यदि तार जलने की बू आये या कोई चिंगारी दिखे, तो मेन स्विच बन्द कर दें। बिजली के स्विचों को कतई मच छुएं।
16. घायलों, विशेषकर बच्चों, बूढ़ों व विकलांगों की मदद करना न भूलें। बुरी तरह से घायल को न हिलाएं, जब तक कि अति आवश्यक न हो। मदद के लिए आवाज दे।

बिंचजमत.3. प्देजपजनजपवदंस ।ततंदहमउमदजे वित क्ड

अध्यायः– 3–जिलाधिकारी के लिए संस्थागत व्यवस्था

जनपद मे ं निर्मल स्वच्छ भारत अभियान के अन्तर्गत सभी नगर वासियो ं से यह अपील की जाती है किः–वह जन्म मृत्यु का पंजीयन कार्यालय मे ं स्वयं कराये, नगर के सर्वांगीण विकास हेतु अपनेसुझाव व सहयोग प्रदान करें, नाला व नालियों एवं सार्वजनिक भूमि पर अतिक्रमण न करें। सड़को ं ककिनारे गोबर व कूड़ा आदि एकत्र न करें, नालियों में कूड़ा न डाले, कूड़ेदान का प्रयोग करें।

ग्राम स्तर पर गठित समितिः–

ग्राम स्तर पर ग्राम पंचायत के निर्वाचित सदस्य व प्रधान ग्राम में भूमि प्रबन्धकसमिति होती है। जिसका अध्यक्ष प्रधान होता है व मंत्री लेखपाल तथा सभी निर्वाचितसदस्य भूमि प्रबन्धक समिति के सदस्य होते हैं। इस समिति का सहयोग आपदा के समयलिया जाता है।

आपदा प्रबन्धन में राजस्व अधिकारियों/कर्मियों की जिम्मेदारीः–

आपदा से घटना घटित होने पर क्षेत्रीय लेखपालों द्वारा आकार पत्र प–20 पर प्रारम्भिक सूचना मौके पर सर्वे करके रजिस्टंार कानूनगो कार्यालय में दी जाती है। सूचना प्राप्त होने पर रजिस्टंार कानूनगो द्वारा जॉच हेतु घटना की स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए क्षेत्रीय राजस्व निरीक्षक या नायब तहसीलदार को दी जाती है। जिसकी एक प्रति सूचनार्थ दैवी आपदा कार्यालय व उपजिलाधिकारी को भी दी जाती है। क्षेत्रीय राजस्व निरीक्षक व नायब तहसीलदार द्वारा मौके पर स्थलीय निरीक्षण करके घटना के सम्बन्ध में प्रभावित व्यक्तियों को शासनादेशानुसार निर्धारित दर पर सहायता दिये जाने हेतु आख्या प्रदान की जाती है। आख्या प्राप्त होने पर सक्षम अधिकारी द्वारा राहत सहायता प्रदान किये जाने हेतु स्वीकृति प्रदान की जाती है तथा सम्बन्धित लाभार्थी के खाते में जनपदीय कोषगार के माध्यम से ई–पेमेन्ट द्वारा लाभार्थी के खाते में सीधे धनराशि स्थानान्तरित की जाती है। मृत्यु का कारण स्पष्ट करने के

लिए शव विच्छेदन आख्या प्राप्त की जाती है। दैवी आपदान्तर्गत जनहानि होने पर स्वीकृति उपजिलाधिकारीस्तर पर की जाती है। पशुहानि होने पर सम्बन्धित क्षेत्रीय पशु चिकित्साधिकारी से शव विच्छेदन आख्या प्राप्त की जाती है।वर्तमान शासनादेशानुसर कृषि फसलों में आपदा से प्रभावित होने पर 33प्रतिशत से अधिक फसलों की क्षति होने पर क्षेत्रीय लेखपाल/राजस्व निरीक्षक द्वारा नियमानुसार आंकलन प्रस्ताव तैयार कराकर शासन स्तर पर प्रेषित किया जाता है। जिसका धनावण्टन प्राप्त होने पर वितरण का कार्य सम्पन्न किया जाता है।

कलैक्ट्रेट पर स्थापित (इमरजेन्सी रिस्पोन्स सेन्टर)का विवरण

क्र0 सं0	अधिकारी का नाम	मोबाईल नम्बर	कर्तव्य
01	अपर जिलाधिकारी(वि0/रा0) बागपत	9454417633	राजस्व विभाग एवं अन्य विभाग के कर्मचारियों एवं संसरधनो को एकत्रित कर उसका उपयोग कराना आपात कालीन नियंत्रण कक्ष को क्रियाशील कराना आवश्यकतानुसार आपदा स्थल पर नियंत्रण कक्ष खुलवाना राहत शिविरो की व्यवस्था आदि कराना।
02	मुख्य चिकित्साधिकारी बागपत	9628962615	घटना स्थल पर त्वरित गति से राहत एवं बचाव दल का राहत किट, उपकरणो एवं अन्य आवश्यक संसाधनो आदि के साथ भेजना जिला अस्पताल में पृथक वार्ड, डाक्टर, दवाओं , एम्बुलेन्स आदि की व्यवस्था करना।
03	जल निगम बागपत	9473942599	यह सुनिश्चित करना की कोई पेयजल स्रोत संक्रमित न हुआ हो संक्रमित पेय जल को विसंक्रमित करना इस के लिये मुख्य चिकित्साधिकारी का सहयोग लेना।
04	विधुत विभाग बागपत	9412749242	स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार क्षेत्र विशेष की विधुत कटौती तथा जिला अस्पताल एवं राहत शिवरों में विधुत आपूर्ति
05	परिवहन विभाग बागपत	8005441056	मॉग अनुसार अतिशिघ्र वाहनो की उपलब्धता सुनिश्चित करना।

06	रसद एवं आपुर्ति विभाग बागपत	9410482444	मॉग के अनुसार आवश्यक खाद्यान्न, तेल, चीनी, पेट्रोल, डीजल एवं एल0पी0जी0 सुरक्षित करना।
07	फायर ब्रिगेड बागपत	9454418752	घटना स्थल पर अल्प समय में अग्नि शमन एवं अन्य आवश्यक उपकरणो /संसाधनो के साथ पहुॅचकर राहत एवं बचाव कार्य करना।
08	सूचना विभाग बागपत	9453005427	मीडिया से समन्वय
09	पशु चिकित्सा विभाग बागपत	9412701388	पशुओ क इलाज सम्बन्धी समुचित व्यवस्था करना।
10	दूर संचार विभाग बागपत	9412205900	आपात कालीन स्थिति में वायरलैस सैट स्थापित कराना एवं संदेशो के माध्यम से जनमानस को सूचित करना।

तहसील पर स्थापित (इमरजेन्सी आपरेशन सेन्टर)का विवरण

क0 सं0	अधिकारी का नाम	मोबाईल नम्बर	कर्तव्य
01	उपजिलाधिकारी बागपत	9454416713	मुख्य चिकित्साधिकारी, जल निगम, विधुत विभाग परिवहन विभाग,रसद एवं आपूर्ति विभाग,फायर ब्रिगेड सूचना विभाग, दूर संचार विभाग पशु चिकित्सा विभाग से सम्पर्क स्थापित कर प्रभावित क्षेत्रो की सूचना देना तहसील स्तरीय विभागो को क्रियाशील करते हुये आवश्यकताओ का चिन्हीकरण एवं प्रभावी कार्यवाही करना।
02	उपजिलाधिकारी बडौत	9454416714	मुख्य चिकित्साधिकारी, जल निगम, विधुत विभाग परिवहन विभाग, रसद एवं आपूर्ति विभाग,फायर ब्रिगेड सूचना विभाग, दूर संचार विभाग पशु चिकित्सा विभाग से सम्पर्क स्थापित कर प्रभावित क्षेत्रो की सूचना देना तहसील स्तरीय विभागो को क्रियाशील करते हुये आवश्यकताओ का चिन्हीकरण एवं प्रभावी कार्यवाही करना।
03	उपजिलाधिकारी खेकडा	9454416715	मुख्य चिकित्साधिकारी, जल निगम, विधुत विभाग परिवहन विभाग,रसद एवं आपूर्ति विभाग,फायर ब्रिगेड सूचना विभाग, दूर संचार विभाग पशु चिकित्सा विभाग से सम्पर्क स्थापित कर प्रभावित क्षेत्रो की सूचना देना तहसील स्तरीय विभागो को क्रियाशील करते हुये आवश्यकताओ का चिन्हीकरण एवं प्रभावी कार्यवाही करना।
04	तहसीलदार बागपत	9454416716	मुख्य चिकित्साधिकारी, जल निगम, विधुत विभाग परिवहन विभाग,रसद एवं आपूर्ति विभाग,फायर ब्रिगेड सूचना विभाग, दूर संचार विभाग पशु चिकित्सा विभाग से सम्पर्क स्थापित कर प्रभावित क्षेत्रो की सूचना देना तहसील स्तरीय विभागो को क्रियाशील करते हुये आवश्यकताओ का चिन्हीकरण एवं प्रभावी कार्यवाही करना।
05	तहसीलदार	9454416717	मुख्य चिकित्साधिकारी, जल निगम, विधुत विभाग परिवहन

	बडौत		विभाग,रसद एवं आपूर्ति विभाग,फायर ब्रिगेड सूचना विभाग, दूर संचार विभाग पशु चिकित्सा विभाग से सम्पर्क स्थापित कर प्रभावित क्षेत्रो की सूचना देना तहसील स्तरीय विभागो को क्रियाशील करते हुये आवश्यकताओ का चिन्हीकरण एवं प्रभावी कार्यवाही करना।
06	तहसीलदार खेकडा	9454416718	मुख्य चिकित्साधिकारी, जल निगम, विधुतविभाग परिवहन विभाग,रसद एवं आपूर्ति विभाग,फायर ब्रिगेड सूचना विभाग, दूर संचार विभाग पशु चिकित्सा विभाग से सम्पर्क स्थापित कर प्रभावित क्षेत्रो की सूचना देना तहसील स्तरीय विभागो को क्रियाशील करते हुये आवश्यकताओ का चिन्हीकरण एवं प्रभावी कार्यवाही करना।

बेंचजमत–4– च्तमअमदजपवद ंदक डपजपहंजपवद उमेंनतमे

अध्याय :–4 –रोकथाम एवं शमन उपायों

आपदा प्रबन्धन में विकास कार्यो की भूमिका

आपदाये व्यापक पैमाने पर जन–धन को क्षति पहुॅचाती है । ओर इसका सीधा नुकसान इस क्षेत्र के विकास कार्यो को पहुॅचाता है। विकास की स्थिरता एवं निरन्तरता के लिये विकास के विभिन्न पहलुओं को आपदा प्रबन्धन से जोड़ने में है जिससे क्षति कम से कम हो और क्षति की भरपाई शीघ्रता से हो सकें। इस तथ्य को स्वीकार करते हुए इस पर बल देने के लिए दसवीं पंचवर्षीय योजना में आपदा प्रबन्धन पर पृथक से एक अध्याय दिया गया है इसका उद्देश्य विकास योजनाओं से आपदा प्रबन्धन को जोड़ना है।

जिले स्तर पर बाढ़, सूखा,सिंचाई, पेयजल,शिक्षा,निर्माण आदि क्षेत्रों में गतिमान कई योजनाओं को विकास योजनाओं से सम्बद्ध किया जा सकता है। कार्यक्रमों एवं उनसे जुड़े विभागो, अधिकारियों के कुछ उदाहरण निम्नवत समझे जा सकते है।

नोडल अधिकारी	कार्यक्रम	कार्य कौन करेगा/कब करेगा
कलक्टर/जिलाधिकारी	विभिन्न विभागो के रोजगार कार्यक्रमों, जिला योजना, प्रदुषण नियन्त्रण, निर्माण आदि की निगरानी	विभागीय अधिकारी योजनाओं के क्रियान्वयन एवं मूल्यांकन के समय
मुख्य विकास अधिकारी	ग्राम्य विकास के कार्यक्रम जैसे रोजगार गारन्टी योजना	सूखा,बाढ़, भूकम्प की स्थिति में खण्ड विकास अधिकारियों के माध्यम से रोजगार सृजन
अधिशासी अभियन्ता जल निगम	ग्रामीण पेयजल योजना	सूखा,बाढ़, भूकम्प आदि के समय स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना। अपनी पाईप लाईनो का रख रखाव आदि।

जिला पंचायत राज अधिकारी	ग्रामीण स्वच्छता कार्यक्रम	सफाई/पंचायत कर्मचारियों के माध्यम से स्वच्छता एवं जागरूकता सुनिशिचित कराना।
बेसिक शिक्षा अधिकारी	सर्व शिक्षा अभियान,मध्यान्ह भोजन आदि अन्य विभागीय योजनायें।	1–विधायलय को भुकम्प रोधी बनाना। 2–विधालयो का रख रखाव इस हिसाब से करना कि उसका उपयोग शरणालय के रूप में भी हो सके। 3–छात्रो एवं शिक्षको के माध्यम से आपदा प्रबन्धन की प्रति सम्बेदनशीलता एवं जागरूकता पैदा करना।
जिला कृषि अधिकारी	विभिन्न विभागीय कार्यक्रम	बाढ के समय नष्ट हुई फसलो की भरपाई हेतु देर से बोई जाने वाली प्रजातियों की उपलब्धता एवं जागरूकता । इसी प्रकार सूखे की स्थिति में कम पानी वाली फसलो के बीजो की उपलब्धता एवं जागरूकता।
पशु चिकित्सा अधिकारी	टीकाकरण आदि विभागीय कार्यक्रम	आपदा प्रभावित क्षेत्रो में पशुओ का टीकाकरण ,घायलो का इलाज एवं मृत पशुओ के उचित निस्तारण की व्यवस्था।
मुख्य चिकित्सा अधिकारी	ग्रामीण स्वास्थ मिशन एवं अन्य विभागीय कार्यक्रम	आपदा प्रभावित क्षेत्रो में टीकाकरण , घायलो का इलाज एवं शवो के उचित निस्तारण की व्यवस्था।
आवास एवं नगर विकास	विभिन्न विभागीय कार्यक्रम	बिल्डिंग सम्बन्धी प्रतिबन्धो का कडाई से अनुपालन ,भुकम्प रोधी भवनो का निमार्ण सम्बन्धी विधियो का अनुपालन।
अधिशासी अभियन्ता बाढ खण्ड।	विभिन्न विभागीय कार्यक्रम	डूब क्षेत्रो का पर्यवेक्षण ,बॉधो का समुचित रख रखाव एवं सुरक्षा।
अधिशासी अभियन्ता सिंचाई खण्ड	विभिन्न विभागीय कार्यक्रम/योजनाये।	सूखे के समय नहरो में पर्याप्त पानी की उपलब्धता सुनिश्चित

		करना।

संक्षेप में कहा जाये तो अपने विभागीय दिशा निर्देशों के अधीन विकास से सम्बन्धित सभी विभाग अपनी योजनाओ को बनाने एवं क्रियान्वयन में आपदा प्रबन्धन से जुडे विभिन्न पहलुओ का ध्यान रखें,तो एक ओर स्थिर विकास की अवधारणा सफल होगी। दूसरी ओर आपदा प्रबन्धन से हाने वाली क्षति भी कम होगी।

तैयारी एंव सटीक प्रतिक्रिया

इस अध्याय में आपदा की तैयारी के सिलसिले में निम्न बिन्दुओ पर चर्चा की जानी है।

1–उपलब्ध संसाधन

2–समुदाय आधरित आपदा प्रबन्धन

3–प्रशिक्षण, जागरूकता एवं पुर्वाभ्यास ।

4–इन्सीडेण्ट कमाण्ड सिस्टम।

5–आपात कालीन केन्द्र।

1–उपलब्ध संसाधन– जनपद में सरकारी कर्मचारी विभिन्न विभागो में कार्यरत है । सिविल पुलिस ,होमगार्ड के जवान भी आपदा कार्यो हेतु लगाये जा सकते है। एन0सी0सी0 तथा एन0एस0ए0 के स्वयं सेवको की सेवाये भी ली जा सकती है। उपलब्ध संसाधनो की सूची संलग्नक–1 पर प्रदर्शित है।

2–समुदाय आधरित आपदा प्रबन्धन :– सामुदायिक योजना बनाने का मुख्य कारण यह होता है कि व्यक्तियो ओर समुदाय की असुरक्षा कम की जाय ओर आपदाओ की विकारी असर को सहन करने की उनकी क्षमता बढाई जाय । अतः आवश्यक सामुदायिक योजना बनाने में लोगो की सहभागिता आवश्यक होती है। क्योकि जवाबी कार्यवाही करने में सबसे पहले आगे आते है । आपदा की हालत में वही लोग सफल एवं उपयोगी होते है, जिनके पास चिकित्सा या अन्य आपातकालीन स्थितियों से निपटने का प्रशिक्षण होता है। आपदा से पहले तथा तथा उसके पश्चात के कुछ घण्टे लोगो के प्राण बचाने में बाहरी सहायता आने में वक्त लग जाता है। ऐसे हालात में समुदाय के प्रशिक्षित सदस्य जीवन रक्षक सम्पदा के रूप में काम करते है। इसके अतिरिक्त खतरे को कम करने की दिशा में समुदाय एक विशेष भुमिका निभाते है।

समुदाय की शिक्षा ओर सहयोग के बिना आपदा प्रबन्धन की कोई योजना पूरी नही हो सकेगी।

इस बाढ प्रबन्ध योजना में समुदाय के प्रशिक्षण एवं जागरूकता सुनिश्चित करने के महत्व को रेखांकित करते हुये ग्राम स्तर तक की कार्ययोजना बनाने तथा उनके प्रशिक्षण पूर्वाभ्यास आदि की योजना रखी गया है। ग्राम स्तरीय कार्य योजना बनाने के लिये चैक लिस्ट अनुसंलग्नक–1 के रूप में भाग–4 में संलग्न है।

3–<u>प्रशिक्षण, जागरूकता एवं पुर्वाभ्यास</u> :– इस क्षेत्र में अभी बहुत कार्य करने की आवश्यकता है प्रशिक्षण एवं पूर्वाभ्यास के साथ ही ग्राम स्तरीय आपदा योजना बनानी होगी। प्रशिक्षण का कार्यक्रम इस प्रकार बनाया गया है। :–

<u>समग्र प्रशिक्षण /जागरूकता कार्यक्रमः–</u>

स्तर	मुख्य आयोजक	प्रतिभागियो का विवरण	कार्यक्रम का विवरण
जिला	अपर जिलाधिकारी(वि0/रा0)	जिला स्तरीय विभिन्न विभागीय अधिकारी , जनप्रतिनिधि मीडियाएवं स्वयं सेवी संस्थाओ से जुडे लोग	1– प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्याक्रम दो भागो में चलाया जायेगा । प्रथम भाग में आवश्यक सूचनायें दी जायेगी। द्वितीय भाग में पूर्वाभ्यास करके व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया जायेगा। 2– सभी स्तरो पर सम्बन्धित अधिकारियों संस्थाओ , जनप्रतिनिधियों एवं मीडिया दायित्वो पर भी चर्चा की जायेगी।
तहसील	उपजिलाधिकारी	तहसील स्तरीय अधिकारी,जनप्रतिनिधि ,मीडिया एवं स्वयं सेवी संस्थाओ से जुडे लोग	
ब्लाक	खण्ड विकास अधिकारी	खण्ड विकास स्तरीय अधिकारी ,जनप्रतिनिधि मीडिया एवं स्वयं सेवी संस्थाओ से जुडे लोग।	
ग्राम	लेखपाल ग्राम पंचायत अधिकारी	ग्राम स्तरीय अधिकारी ,ग्राम प्रधान क्षेत्र पंचायत समिति सदस्य ग्राम पंचायत सदस्य आदि	

<u>4–इन्सीडेण्ट कमाण्ड सिस्टम</u> :– किसी दुर्घटना की स्थिति में अफरा तफरी से बचने एवं त्वरित कार्यवाही हेतु एकीकृत नियन्त्रण प्रणाली उपयोगी है। इस प्रणाली के मुख्य नियन्त्रक जिला मजिस्ट्रेट है। भिन्न आपदाओ के प्रकृति के हिसाब से भिन्न इन्सीडेन्ट कमाण्डर बनाये गये है। मानव जनित आपदाओ जैसे जैव,परमाणु तथा रसायन हमले की स्थिति में पुलिस अधीक्षक इन्सीडेण्ट कमाण्डर है। बाढ,सूख,भूकम्प आदि परम्परागत दैवी आपदाओ के लिये अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) इन्सीडेण्ट कमाण्डर है।

<u>इन्सीडेण्ट कमाण्डर के मुख्य कार्य</u>

1–आपात स्थिति में संचार की समन्वित व्यवस्था।

2–त्वरित राहत/बचाव एवं खोज बलो को मौके पर भेजना एवं उनको आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराना।

3–विस्थापन कार्य का मूल्यांकन एवं क्रियान्वयन

4–उपलब्ध संसाधनो की अपर्याप्तता की दशा में बाहरी सहयोग प्राप्त करने की प्रक्रिया अपनाना।

5–आपात कालीन केन्द्र :– राजस्व कन्ट्रोल रूम से भिन्न प्रर्याप्त मानव संसाधन एवं आधुनिक संचार सुविधाओ/ उपकरणो से युक्त एक आपात कालीन केन्द्र कलैक्ट्रेट बागपत में स्थापित किया जायेगा। उपजिलाधिकारी स्तर से अधिकारी इसके प्रभारी होंगें। सामान्य दिनो में यह केन्द्र आपदा के प्रशिक्षण ,जनजागरूकता एवं पूर्वाभ्यास से सम्बन्धित कार्य देखेगा तथा सैन्य एवं अर्थ सैनिक बलो में समन्वय रखेगा।यह केन्द्र केन्द्रीय जल आयोग, मौसम विभाग आदि से प्राप्त पूर्व चेतावनियों का अभिलेखीकरण करेगा तथ सर्व समबिन्धत को सूचित भी करेगा । शासन को भेजे जाने वाली रिपोर्टो को संकलित एवं तैयार करने का कार्य भी करेगा

रसायनिक हथियारो/पदार्थो से सम्बन्धित आपदा

अनेक प्रकार के रसायनिक पदार्थ/जहरीली गैस ,द्रव या ठोस रूप में भयानक आपदाये पैदा कर सकती है , जो मनुष्यों ,पशुओ,फसलो, आदि के लिये खतरनाक हो सकती है। इनमें से अधिकांश जलन ,आन्तरिक अथवा वाहृय चोट अथवा अपंगता पैदा कर सकते है।हवा के माध्यम सें ये फैलकर ऑख,फेफडा,चमडी आदि पर घातक असर डालते है। संक्रमित खाद्य पदार्थो के सेवन से पाचन क्रिया पर कुप्रभाव पडता है। भूमि, जल एवं वायु पर भी इसका दुष्प्रभाव पडता है। इनकी गम्भीरता रसायन के प्रकार एवं मात्रा पर निर्भर करती है। इस प्रकार की आपदाये दुर्घटनावश भी हो सकती है, और आसान उपलब्धता के कारण आतंकवादी भी इसका दुरूपयोग भी कर सकते है।

इस प्रकार के रसायनो का वर्गीकरण ,उपयोग के विष की श्रेणी के आधार पर किया गया है

1– उपयोग के आधार पर कुछ रसायन केवल सैन्य उपयोग के लिये है, इन्हे केमिकल वारफेयर बू कहा जाता है। ज्ंइनद;ळ।द्धऐंतपद;ळठद्धैवउंद;ळक्द्धएटग्यैनसमित डनेजमत ;भ्क्द्धस्मूपेपजम;स्द्ध भ्लकतवहमद ब्लंदपकम ;।ब्द्धबैसवतपदम आदि इसके उदहारण है।

2. दोहरे उपयोग वाले कुछ रसायनो का प्रयोग सैन्य तथा औधोगिक इकाईयो में किया जाता है ।

3. बैसवतवमजींदवसए।उउवदपनउ ठपसिनतपकम ।तेमदपब ज्तपबसवतपकमएठमद्रपसपब ।ब्क

4– कई औधोगिक रसायन भी जहरीले होते है। ।उउवदपंए।तेपदमएबैसवतपदम ैनसमित क्पवगपकम भ्लकतवहमद ठतवउपकम आदि इसके उदहारण है।

5– कीटनाशको ;च्मेजपबपकमद्ध जैसे कुछ रसायनो का प्रयोग जैसे कृषि कार्यो में भी होता है। भ्मतइपबपके सीधे फसलो को क्षति पहुॅचाते है।

बागपत में कोई इतिहास आतंकवादी घटना का नही है । पैट्रोल टैकर ,एल0पी0जी0 टैंकर आदि का उपयोग भी आतंकवादी इस प्रकार की घटनाओं के लिये कर सकते है।

सम्भावित स्थल

1–भीड़–भाड़ वाले इलाके।
2–टेलीफोन एक्स्चेन्ज
3–पुलिस लाईन
4–विधुत उपकेन्द्र बागपत।

कार्य विभाजन

हमले के दौरान विभिन्न टीमें गठित कर कार्य निर्धारण किया जायेगा।

1–जॉच दल–इसका मुख्य कार्य खतरे की पहचान एवं उसका निर्धारण करना होगा । यह दल संक्रमण /खतरे के श्रोत को न्यूट्रल करेगा साथ ही प्रयोगशाला में नमूनो की जॉच एवं परिक्षण हेतु कार्यावाही भी करेगा।

2–विसंक्रमण दल–यह दल संक्रमण /खतरे पर नियंत्रण के साथ ही व्यक्तियों /उपकरणो एवं क्षेत्र का विसंक्रमण /सफाई भी करेगा।

3–बचाव दल–यह दल क्षेत्र खाली कराने के साथ ही लोगो को समस्याओ के अनुसार रास्ता आदि बताने में सहयोग करेगा। घायलो को अस्पताल पहुॅचाना तथा मेडिकल टीम का सहयोग करना इसका कार्य होगा।

4–चिकित्सा दल–दुर्घटना स्थल पर यथा संभव चिकित्सा एवं प्राथमिक उपचार देगा तथा साक्ष्यो का सुरक्षित रखने में भी सहयोग करेगा।

5–सुरक्षा अधिकारी–सुरक्षा एवं सूचनाओ के आदान प्रदान के लिये अधिकारी होना चाहिये जो सभी में समन्वय एवं अनुशासन रखे अतिरिक्त संसाधनो की निम्नवत् व्यवस्था भी यह अधिकारी करेगा। जैसे जेनरेटर,पेयजल व्यवस्था ,एम्बूलेन्स,वाहन ,मानव श्रम।

लघु, मध्यम एवं दीघ्र अवधि की कार्य योजना

लघु समय (0–3वर्ष) में निम्न कार्य करने हैः–

1–सुरक्षा की दृष्टि से विद्यमान प्रतिबंधो का पूर्व अनुपालन किया जाना
2–अभिसूचना तंत्र का कुशल उपयोग
3–खतरे और संवेदनशीलता के विश्लेषण का तंत्र विकसित करना,
4–प्रयोगशालाओं एवं अन्य संसाधनो का विकास /सचल प्रयोगशालााओ का भी प्रयोग

5–फण्ड की उपलब्धता
6–मेडिकल टीमो का प्रशिक्षण एवं उपकरण
7–जन–जागरूकता एवं प्रशिक्षण
8–स्वास्थ्य सुविधाओं एवं विसंक्रमण तथा विस्थापन की अत्याधुनिक व्यवस्था।

मध्यम समय (0–5 वर्ष) में निम्न कार्य करने हैः–

इस अवधि में मुख्य रूप से प्रथम चरण के कार्यो की पूर्णता एवं कुशलता देखनी है।

दीर्घ काल (0–8 वर्ष) में निम्न कार्य करने हैः–

इसमें सारे कार्य का उपयोग देखना है तथा नयी परिवर्तनो के अनुसार उसमें परिवर्तन /संशोधन करना है । इस अवधि तक निम्न बिन्दुओ पर कार्य करने होंगे।
1–एकीकृत व्यवस्था में राष्ट्रीय आपात योजना सरकारी एवं प्राइवेट सभी अस्पतालो पर लागू किया जायेगा।
2–सम्पूर्ण सूचना तंत्र विकसित करना जिसमें अस्पताल परिवहन ,पुलिस फायर आदि सभी आपातकालीन सेवाओ मे संचार सम्बन्ध हो।
3–सभी प्रकार के खतरो को शामिल करने वाला प्रयोगशालाओं का राष्ट्रीय नेटवर्क विकसित किया जाना।

क्या करे – क्या न करे

क्या करेंः–

1– प्रभावित क्षेत्र खाली करे तथा आपदा प्रबन्धन नियन्त्रण कक्ष के टेलीफोन पर तथा पुलिस/अस्पताल को तत्काल सूचित करे।
2– जहरीली गैसो के प्रभाव से यदि पक्षी मरते एवं गिरते दिखाई पड़े तो मकान अथवा कार्यालय जैसे बन्द ढ़ाचे के अन्दर शरण लें तथा दरवाजे, खिडकियां ,पंखे, एयर कण्डीशनर बन्द कर दे।
3– रेडियों,टी0वी की घोषणाएं सुने एवं जब कहा जाये तब बाहर निकले।
4– बाहर से घर आने पर तत्काल स्नान करे एवं कपड़े प्लास्टिक के बैग में अलग रख दे।
5– यदि खुले में हो तो मुॅह व नाक गीले कपड़े से बन्द रखें।
6– संक्रमण फैलाने वाले व्यक्तियों /पदार्थो से दूर रहे।
7– 100 मीटर के दायरे को बन्द किया जाये।
8– हवा की दिशा में 500 मीटर तक तत्काल खाली किया जाये।
9– पुलिस/अस्पताल को तत्काल सजग किया जाये।
10– जीतमम ब्वसवनत क्मजमबजवत चंचमत ;जबकद्ध चंचमत और त्टठ.त्मेपकनंस अंचमनत क्मबमजपवद ापज का प्रयोग करें बीमउपबंस ंहमदज की खोज करना।
11– बैमउपबंस ंरमदज उवदपजमत ंच2ध्ब्।ड का प्रयोग कर दमतअमध्हसपेजमत ंहमदज का पता करना यदि दमतअम ंहमदज है तो विष रोधी दवाओ हेतु ंनजवरमज पदरमबजवत ;रपद्ध का प्रयोग करना । यदि हमसपेजमत ंहमदज है तो चर्म संक्रमण हटाने हेतु च्क्ज्ञ . च्मतेवदां क्मबवदजंउपदंजपवद ापज का प्रयोग करना।
12– स्पेक्ट्रोस्कोपी (चमबजतवेबवचल) आधारित ब्।ड का प्रयोग कर संक्रमित क्षेत्र का चिन्हीकरण या फ्लेम फोटोमेट्री आधारित मानीटर ।च्2ब का प्रयोग ।
13– विसंक्रामक सूट पहनकर क्षेत्र की सफाई सचल विसंक्रामक उपकरण तथा विसंक्रमण

से करना।

14– प्रभावित व्यक्तियों को हटाने के लिए बेंनसजल बैग का प्रयोग करना।

15– व्यक्तिगत सुरक्षा कवज किसी प्रशिक्षित व्यक्ति द्वारा निम्नवत पहनाया व उतारा जाये।

पहनने का क्रम	उतारने का क्रम
1–प्च्ळ.प्दकपअपकनंस चतवजमबजपअम	1– विसंक्रमण किट से सफाई
2–ौवमे	2–ौवमे
3– सर्जिकल और व्यूटाईल रबर दस्ताना	3– व्यूटाईल रबर दस्ताना
4– मास्क एवं थैनिस्टर	4. प्च्ळ
	5.सर्जिकल दस्ताना
	6. थैनिस्टर व फेस मॉस्क

क्या न करे–

1– किसी द्रव को न छुए।

2– स्थल/पीड़ित के पास भीड़ न लगाये।

3– हवा के अनुकूल दिशा में न जाये।

4– अफवाह न फैलाये।

5– बचाव में लगे लोग अपना सूट तब तक न उतारे जब तक सुरक्षित न घोषित कर दिया जाये।

6– किसी भी संक्रमित वस्तु न छुए। इन्हे सील प्लास्टिक बैग में ही रखे।

7– जब तक कहा न जाये अपने शरण स्थल से बाहर न निकले।

8– नंगे पैर न निकले।

9– अनावश्यक टेलीफोन न करे।

विषनाशक एवं जीवनरक्षक दवाओं शोधक /विषनाशक पदार्थो/आवश्यक उपकरणों एवं आपातकालीन किट हेतु आवश्यक सामग्रियों की सूची अनुसंलग्नक–2 पर भाग–4 पर लगायी गयी है।

इस प्रकार की आपदा से निपटने के लिए ैजंदकंतक व्चतंजपवद ैलेजमउ ;व्द्ध इस प्रकार है।

जिला आपदा प्रबन्ध प्राधिकरण

क्र0 सं0	अधिकारी/संस्था	घटना से पूर्व	घटना के दौरान	घटना के उपरान्त
01	कलक्टर/ जिलाधिकारी	विभिन्न विभागों की तैयारियों की समीक्षा, आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करना प्रशिक्षण, जनसहभागिता एवं पूर्वाभ्यास के कार्यक्रमों का अनुश्रवण	सभी विभागो को क्रियाशील करते हुए आवश्यकताओं को चिन्हीकरण एवं त्वरित प्रतिक्रिया	बचाव, राहत एवं पुनर्वास कार्यो का प्रभावी अनुश्रवण
02	पुलिस अधीक्षक	खोज,बचाव एवं राहत दलों का	खोज,बचाव एवं राहत	विस्थापन क्षेत्र की

		पर्याप्त प्रशिक्षण,पुर्वाभ्यास ।आवश्यक आधुनिक उपकरणो / संसाधनो की उपलब्धता सुनिश्चित करना ।रासायनिक पदार्था के भण्डारण परिवहन पर सतर्क दृष्टि रखना तथा अभिसूचना एकत्रित करना	विसंक्रमण आदि त्वरित प्रक्रिया टीमों को स्थल पर भेजना। कानून व्यवस्था,ट्रेफिक हेतु आवश्यक पुलिस बल तैनात करना।	घेरेबन्दी,शरणालय / राहत केन्द्र अस्पताल आदि पर पुलिस व्यवस्था। आवयकतानुसार सैन्य / अर्ध सैन्य बलो की मॉग स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से शव निस्तारण।
3	मुख्य चिकित्साधिकारी	पर्याप्त चिकित्सीय उपकरणों से युक्त राहत एवं बचाव दल का प्रशिक्षित कराना एवं उनका पुर्वाभ्यास करना चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक दवाईयों, उपकरणो एवं अन्य आवश्यक संसाधनो आदि की उपलब्धता सुनिश्चित करना। प्राइवेट अस्पतालों का चिन्हीकरण एवं समन्वय	घटना स्थल पर त्वरित गति से राहत एवं बचाव दल का राहत किट, उपकरणों एवं अन्य आवश्यक संसाधनों आदि के साथ भेजना जिला अस्पताल में पृथक वार्ड,डाक्टर,दवाओं एंबुलैन्स आदि की व्यवस्था करना।	प्रभावित व्यक्तियों को चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराना प्रभावित क्षेत्रों को विसंक्रमित करना। प्रशिक्षण हेतु रसायनों के नमूने एकत्र कराने में सहयोग करना राहत शिविरो / शरणालयों पर चिकित्सा व्यवस्था पुलिस के सहयोग से शव निस्तारण।
4	अपर जिलाधिकारी(वि0 / रा0)	आपदा पूर्व तैयारियों का अनुश्रवण । तहसील ब्लाक एवं ग्राम स्तरीय कार्ययोजना तैयार करना जन जागरूकता प्रशिक्षण पूर्वाभ्यास आपातकालीन कन्ट्रोल रूम से सम्बन्धित व्यवस्था	राजस्व विभाग एवं अन्य विभाग के कर्मचारियों एवं संसाधनो को एकत्रित कर उनका उपयोग करना आपात कालीन नियंत्रण कक्ष को क्रियशील करना आवश्यकतानुसार आपदा स्थल पर नियंत्रण कक्ष खोलना राहत शिविरो की व्यवस्था।	बचाव राहत एवं पुनर्वास कार्यो का प्रभावी अनुश्रवण क्षति का आंकलन तथा प्रभावितो / पीडितो / मृतको आदि की सूचीकरण रिर्पोटिंग आदि कार्य
5	उपजिलाधिकारी	तहसील स्तरीय सभी विभागो का अनुश्रवण,जन जागरूकता प्रशिक्षण पूर्वाभ्यास	प्रभावितो क्षेत्रो की सूचना देना तहसील स्तरीय विभागो को क्रियाशील करते हुये आवश्यकताओ का चिन्हीकरण एवं प्रभावी	पीडित व्यक्तियों को राहत पहुॅचाना एवं सूचनाओं का आदान प्रदान करना क्षति का आंकलन तथा प्रभावितो / पीडितो

			कार्यवाही करना	/मृतको आदि की सूचीकरण रिर्पोटिंग आदि कार्य।
6	जल निगम	रासायनिक हमले से बचाव हेतु अपने जल स्रोतो एवं पेय जल योजनाओं को सुरक्षा की तैयारी एवं प्रशिक्षण	यह सुनिश्चित करना की कोई पेयजल स्रोत संक्रमित न हुआ हो संक्रमित पेय जल को विसंक्रमित करना इस के लिये मुख्य चिकित्साधिकारी का सहयोग लेना	शुद्ध पेय जल की उपलब्धता सुनिश्चित करना क्षतिग्रस्त पेय जल स्रोतो की मरम्मत ।
7	विधुत विभाग	प्रर्याप्त,प्रशिक्षण पूर्वाभ्यास आवश्यक आधुनिक उपकरणो /संसाधनो की उपलब्धता सुनिश्चित करना अपने विधुत केन्द्रो पर अवांछनीय व्यक्तियों के प्रवेश से रोके तथा ऐसे किसी प्रयास की सूचना तत्काल पुलिस के दें।	स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार क्षेत्र विशेष की विधुत कटौती तथा जिला अस्पताल एवं राहत शिवरों में विधुत आपूर्ति	क्षतिग्रस्त सम्पत्तियों का पुननिर्माण
8	परिवहन विभाग	प्रर्याप्त प्रशिक्षण,पूर्वाभ्यास आवश्यक आधुनिक उपकरणो /संसाधनो की उपलब्धता सुनिश्चित करना ट्रान्सर्पोटरो की सूची एवं उनका फोन नम्बर आदि रखना	मॉग अनुसार अतिशीघ्र वाहनो की उपलब्धता सुनिश्चित करना	
9	रसद एवं आपूर्ति विभाग	प्रर्याप्त प्रशिक्षण,पूर्वाभ्यास। आवश्यक खाद्यान्न, तेल, चीनी आदि की आपूर्ति हेतु थोक व्यापारियों एवं भण्डारगृहों का चिन्हीकरण । पेट्रोल पम्पों एवं एल0पी0जी0 गोदामों पर पेट्रोल डीजल एवं एल0पी0जी0 की उपलब्धता का चिन्हीकरण।	मॉग के अनुसार आवश्यक खाद्यान्न, तेल, चीनी, पेट्रोल, डीजल एवं एल0पी0जी0 सुरक्षित करना।	मॉग के अनुसार आवश्यक खाद्यान्न, तेल, चीनी, पेट्रोल, डीजल एवं एल0पी0जी0 उपलब्ध कराना।
10	फायर बिग्रेड	प्रर्याप्त प्रशिक्षण,पूर्वाभ्यास। आवश्यक आधुनिक उपकरणों /संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करना।	घटना स्थल पर अल्प समय में अग्नि शमन एवं अन्य आवश्यक उपकरणों/संसाधनों के साथ पहुॅचकर राहत एवं बचाव कार्य करना।	
11	सूचना विभाग	प्रर्याप्त प्रशिक्षण,पूर्वाभ्यास। आवश्यक आधुनिक उपकरणों	मीडिया से समन्वय	मीडिया से समन्वय

		/संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करना।		
12	पशु चिकित्सा	प्रर्याप्त प्रशिक्षण,पूर्वाभ्यास। आवश्यक आधुनिक उपकरणों /संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करना।	पशुओं के ईलाज सम्बन्धी समुचित व्यवस्था करना।	पशु कैम्पों पर चारे कीव्यवस्था, टीकाकरण एवं सामुदायिक सहयोग से शवों का निस्तारण कराना आदि कार्य।

परमाणु आपदा

यह मानव जनित आपदा है। परमाणु बम के हमले के अतिरिक्त दुर्घटना या आतंकवादी घटनाओं द्वारा रेडियोधर्मी पदार्थो के विकिरण के कारण इस प्रकार की आपदा की जा सकती है । आतंकवादी कम शक्तिशाली हथियारों का इस्तेमाल घनी आबादी वाले इलाकों,फसलों , खाद्य भण्डारों आदि पर करके अव्यवस्था एवं अराजकता फैलाने का प्रयास कर सकते है। दुर्धटनावश यह आपदा न्यूक्लियर प्लांट पर आ सकती है या रेडियोधर्मी पदार्थो के परिवहन के दौरान हो सकती है, इस देश में देश की संस्था ।जवउपब म्दमतहल त्महनसंजवतल ठवंतक ख।त्त्ठ, है जो ।जवउपब म्दमतहल ।बज 1962 के तहत मुख्य नियन्त्रक है। इसका पर्यवेक्षण एवं नियन्त्रण परिवहन,प्लाण्ट आदि पर रहता है । मुख्य खतरा इस आपदा से तब है जब यह हमले के रूप में हो।

मानव आदि काल से प्रकृति के स्रोतो से विकिरण की मात्रा लेता आ रहा है । भारत के केरल के तटीय इलाकों,चीन,ब्राजील,ईरान आदि में इससे अधिक मात्रा मे विकिरण लोगो की प्रकृति से ही मिलता रहता है। रेडिएशन का उपयोग मानव हित के विभिन्न क्षेत्रों में भी किया जाता हैः–

1– विद्युत उत्पादन में परमाणु विखण्डन (छनबसमंत पिपवद) का प्रयोग किया जाता है।

2– कोबाल्ट–60 और ै –137 का इस्तेमाल खनन तथा गैस एवं तेल उद्योग में किया जाता है।

3–बव–60 या बे–137 का ल – स्रोत के रूप में मेडिकल उत्पादों ,मांस ,सब्जियों आदि के परिशोधन हेतु उपयोग होता है।

4– कैंसर के ईलाज हेतु ज्मसमजीमतंचल में गामा विकिरण का उपयोग किया जाता है।

परमाणु या रेडियोलॉजिकल आपदा उस स्थिति को कहते है, जब परमाणु हमले या रिसाव के कारण विकिरण अत्यधिक हो ।

परमाणु विस्फोट का प्रभाव– विस्फोट का प्रभाव परमाणु अस्त्र के प्रकार एवं विस्फोट की ऊॅचाई, हवा के रूख आदि पर निर्भर करता है। मानव–प्रकृति पर यह असर तीन प्रकार करता है।

1– विस्फोट प्रभाव– अचानक विस्फोट से बहुत अधिक उर्जा निकलती है, जिससे अत्यधिक गर्मी और आस–पास के हवा में दबाव बन जाता है। गर्म और संधनित (बवउचतमेमक) वायु फैलती है और तेजी से ऊपर उठती है, जिससे पृथ्वी पर, पानी में शक्तिशाली कम्पन पैदा होता है।इससे सम्पत्ति की व्यापक क्षति होती है तेज आवाज से कान खराब हो जाता है। इससे अत्यन्त गतिशील हवा भी चलती है जिससे चीजे उड़ने लगती है।

2– गर्मी का प्रभाव– अत्यधिक गर्मी तीव्र चमक वाला प्रकाश पैदा करती है और इससे गर्मी विकिरण होता है जिससे आग लग जाती है तथा कई कि0मी0 तक फैल जाती है। अन्य ज्वलनशील वस्तुओं के मिलते जाने से आग का तुफान सा आ सकता है।

3– विकिरण– शुरू के 01 मिनट मे प्रारम्भिक विकिरण का प्रभाव कुछ दूरी में रहता है। इसके बाद गैस या धूल कणो के साथ रेडियोधर्मी पदार्थ धरती पर गिरते है तथा कई सौ कि0मी0 तक के क्षेत्रफल को संक्रमित कर सकते है जिसका असर व्यक्ति पर आजीवन आने वाली पीढ़ियो तक पड़ सकता है ।

